RNI : CHHHIN/2022/83766 | वर्ष : 03, अंक : 312 | गरियाबंद से प्रकाशित | बुधवार, 06 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 3 रुपए | www.gangaprakash.com



हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# गंगा प्रकाश

संपादक : प्रकाश कुमार यादव

प्रबंध संपादक : रज्जू बंजारे




मनोरंजन 07 — तमन्ना को आते थे मम्मियों के फोन



आंचलिक 03 — टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत तीन नए निक्षय मित्र बने, मरीजों को पोषण

खेल 06 — इंटर मियामी के कप्तान लियोनेल मेसी चोटिल

दैनिक समाचार पत्र गंगा प्रकाश को पत्रकारो की आवश्यकता है।
इच्छूक व्यक्ति संपर्क करें :- 8878098815 9770269285

## संक्षिप्त समाचार

### महावतार नरसिम्हा की स्क्रीनिंग के दौरान सिनेमाघर की छत गिरी, बच्चों समेत 3 घायल

**गुवाहाटी।** अश्विन कुमार के निर्देशन में बनी एनिमेशन फिल्म महावतार नरसिम्हा पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 10 दिन पूरे हो गए हैं और इसने बॉक्स ऑफिस पर 91.35 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। अब असम के गुवाहाटी शहर से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। दरअसल, पीवीआर में महावतार नरसिम्हा की स्क्रीनिंग के दौरान अचानक दर्शकों पर सिनेमाघर की छत गिर गई। महावतार नरसिम्हा की स्क्रीनिंग के दौरान सिनेमाघर की छत गिरने से बच्चों समेत 3 लोग घायल हो गए हैं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब सोशल मीडिया पर सिनेमाघर के कई चौंकाने वाले वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें दर्शकों में मची अफरातफरी साफ देखी जा सकती है।

### भाषा विवाद में सीएम ममता को मिला सीएम स्टालिन का साथ

**कोलकाता।** देश भर में कथित तौर पर बांग्ला भाषियों के उत्पीड़न का मामला तूल पकड़ रहा है। अब सीएम ममता को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का साथ भी मिल गया। ऐसे में कथित बांग्लादेशी भाषा विवाद में स्टालिन सीएम ममता बनर्जी के साथ खड़े हुए हैं। आज तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके पार्टी के प्रमुख ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इसमें स्टालिन ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के लहजे में केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन दिल्ली पुलिस पर हमला बोला। उन्होंने कहा, आदरणीय ममता बनर्जी दीदी गैर-हिंदी भाषा पर हमले के जवाब में पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए ढाल बनकर खड़ी हुई हैं। करुणानिधि के बेटे ने भी कहा कि ममता भाषा पर इस हमले का करारा जवाब देंगी।

### एयर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट में कॉकरोच से परेशान हुए यात्री, बदलनी पड़ी सीट

**नईदिल्ली।** एयर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट में दो यात्री कॉकरोच से परेशान हो गए। सैन फ्रांसिस्को से कोलकाता होते हुए मुंबई जाने वाली फ्लाइट में दोनों यात्रियों को अपनी सीट भी बदलनी पड़ी। हालांकि, कोलकाता में विमान को अच्छी तरह से साफ किया गया। इसके बाद यात्रियों ने बिना किसी परेशानी के कोलकाता से मुंबई तक का सफर पूरा किया। फ्लाइट संख्या एआई180 अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को से रवाना हुई थी। इसी दौरान यात्रियों को प्लेन में कॉकरोच नजर आए। दो यात्री कॉकरोच देखकर परेशान हो गए। ऐसे में उन्हें दूसरी सीट पर बैठाया गया। जहां बैठकर उन्होंने कोलकाता तक की यात्रा की। कोलकाता में सफाई के बाद सभी यात्रियों का सफर आरामदायक रहा। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने इस घटना को लेकर व्यापक जांच करने की बात कही है, जिसमें यह भी पता लगाया जाएगा कि विमान में कॉकरोच कैसे आए। एयर इंडिया प्रवक्ता ने कहा कि सैन फ्रांसिस्को से कोलकाता होते हुए मुंबई जाने वाली फ्लाइट एआई180 में दुर्भाग्यवश, दो यात्री कुछ छोटे कॉकरोच देखकर परेशान हो गए। हमारे केबिन क्रू ने दोनों यात्रियों को उसी केबिन की दूसरी सीटों पर बैठाया।

दक्षिण चीन सागर में शांति भारत की स्थायी रुचि है

# भारत और फिलीपीन ने रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत और फिलीपीन अपनी मर्जी से मित्र और नियति से साझेदार हैं. उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे समय में की, जब दोनों देशों ने आपसी संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाते हुए अपने सशस्त्र बलों के बीच तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया. प्रधानमंत्री मोदी और फिलीपीन के राष्ट्रपति र्फिडनेंड आर मार्कोस जूनियर के बीच यहां संपन्न द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने आपसी संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने की घोषणा की. इससे एक दिन पहले दोनों देशों की नौसेनाओं ने फिलीपीन तट पर संयुक्त अभ्यास किया था. मोदी ने मार्कोस की मौजूदगी में कहा, ह्लभारत और फिलीपीन अपनी मर्जी से मित्र और नियति से साझेदार हैं. हिंद महासागर से लेकर प्रशांत महासागर तक, हम साझा मूल्यों के तहत एकजुट हैं. हमारी दोस्ती केवल अतीत की साझेदारी नहीं है, यह भविष्य के लिए एक वादा है.ह्व भारत और फिलीपीन ने नौ समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें रणनीतिक साझेदारी की घोषणा एवं कार्यान्वयन, दोनों देशों की सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच वार्ता के लिए संदर्भ की



शर्तें तथा बा' अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण इस्तेमाल पर सहयोग शामिल है. मोदी ने कहा कि फिलीपीन भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' और 'महासागर' (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र उन्नति) दृष्टिकोण में एक अहम साझेदार है. उन्होंने कहा, ह्लहम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, समृद्धि और नियम-आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं. हम अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता का समर्थन करते हैं.ह्व मोदी ने कहा, ह्लयह खुशी की बात है कि आज हमने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला लिया है. इस साझेदारी की संभावनाओं को नतीजों में बदलने के लिए एक व्यापक कार्य योजना भी तैयार की गई है.ह्व भारत और फिलीपीन दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं. इस अवसर पर मोदी और मार्कोस ने एक डाक टिकट जारी किया. मोदी ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करने और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े होने के लिए फिलीपीन सरकार का आभार जताया. पहलगाम हमले में 26 लोगों की जान गई थी. मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा संबंध गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक हैं. उन्होंने कहा, ह्लसमुद्र से घिरे देशों के रूप में, भारत और फिलीपीन के बीच समुद्री सहयोग स्वाभाविक और आवश्यक दोनों है. हम मानवीय सहायता, आपदा राहत, खोज एवं बचाव के क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं.ह्व प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास साझेदारी के तहत भारत फिलीपीन में त्वरित प्रभाव परियोजनाओं की संख्या बढ़ाएगा और संप्रभु डेटा क्लाउड अवसंरचना के विकास में भी सहयोग करेगा. उन्होंने कहा, ह्लआज जब (फिलीपीन के) राष्ट्रपति भारत में हैं, तब भारतीय नौसेना के तीन जहाज पहली बार फिलीपीन में किसी नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं.ह्व मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है।

### भारत और फिलीपींस के बीच हर स्तर पर सहयोग जारी

पीएम मोदी ने बताया कि दोनों देशों के बीच हर स्तर पर बातचीत और सहयोग जारी है। आज दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग, क्षेत्रीय मुद्दों और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की। इस बैठक में भारत-फिलीपींस संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाने का फैसला किया गया है। इस साझेदारी को सफल बनाने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना भी बनाई गई है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 3 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। इसे और मजबूत करने के लिए भारत-आसियान फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की समीक्षा जल्द पूरी करने और द्विपक्षीय प्रेफरेंशियल ट्रेड एग्रीमेंट पर काम करने का निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के साथ वार्ता की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध दिन-ब-दिन मजबूत हो रहे हैं, जो गहरे विश्वास का प्रतीक हैं। दोनों देश समुद्री राष्ट्र हैं, इसलिए समुद्री सहयोग जरूरी और स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि पहली बार, भारतीय नौसेना के तीन जहाज फिलीपींस में हो रही नौसेना अभ्यास में भाग ले रहे हैं, जिसमें भारत का हाइड्रोग्राफी जहाज भी शामिल है।

# जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन.....

अंतिम संस्कार आज दिल्ली में

नयी दिल्ली/ एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया. वह 79 वर्ष के थे. मलिक के निजी स्टाफ ने मंगलवार को यह जानकारी दी. उनका अंतिम संस्कार बुधवार अपराह्न चार बजे लोदी रोड स्थित श्मशान घाट में होगा. अपने लंबे राजनीतिक जीवन में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहने के अलावा गोवा, बिहार, मेघालय और ओडिशा के राज्यपाल के पदों पर रहे मलिक का अपराह्न एक बजकर 12 मिनट पर यहां राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में निधन हो गया. उनके स्टाफ ने बताया कि वह लंबे समय से अस्पताल की गहन देखभाल इकाई



(आईसीयू) में थे और उनका विभिन्न बीमारियों का इलाज किया जा रहा था. आरएमएल अधिकारियों ने एक बयान में कहा गहरे दुख के साथ, हम सत्यपाल मलिक के निधन की पुष्टि करते हैं. उनका हमारे अस्पताल की गहन देखभाल इकाई में इलाज किया जा रहा था. उन्होंने बताया कि मलिक मधुमेह, गुर्दे की बीमारी, उच्च रक्तचाप और मोटापा एवं नींद में रुकावट जैसी स्वास्थ्य समस्याओं से लंबे समय से जूझ रहे थे. जम्मू कश्मीर के राज्यपाल के तौर पर मलिक के कार्यकाल के दौरान ही पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त कर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किया गया था. संयोग से, उन्होंने केंद्र के इस कदम के छह साल पूरे होने के दिन अंतिम सांस ली. मलिक ने यह आरोप लगाकर विवाद पैदा कर दिया था कि उन्हें जम्मू-कश्मीर में दो प्रमुख परियोजनाओं की फाइल को मंजूरी देने के लिए रिश्वत की पेशकश की गई थी. उन्होंने किसानों और पुलवामा आतंकवादी हमले सहित अन्य मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर सवाल उठाए थे मलिक द्वारा उठाए गए दो मुद्दों की जांच कर रहे।

### ओडिशा में छात्रा के आत्मदाह मामले में एबीवीपी के संयुक्त सचिव समेत 2 गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर में 20 वर्षीय छाज्ञा के आत्मदाह मामले में पुलिस ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राज्य संयुक्त सचिव समेत 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एबीवीपी संयुक्त सचिव शुभ्रा संबित नायक और सदस्य ज्योति प्रकाश बिस्वाल कथित तौर पर उस समय मौजूद थे, जब छात्रा ने खुद को आग लगाई थी। दोनों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। अपराध शाखा के अधिकारियों ने बताया कि छात्रा के आत्मदाह के दिन दोनों उसके साथ थे। दोनों पर छात्रा को उकसाने का आरोप है, जिसके बाद छात्रा ने जान दी। इसमें ज्योति प्रकाश छात्रा को बचाने में घायल हो गए, जो अस्पताल में भर्ती थे। अस्पताल से छूटने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया।

सीआईएसएफ कर्मियों की मौजूदगी पर रार

# खरगे बोले-क्या हम आतंकवादी हैं, मुझसे ट्यूशन ले लीजिए-नड्डा

नई दिल्ली/ एजेंसी

सदन में सीआईएसएफकर्मियों की मौजूदगी के मुद्दे पर आज राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। दरअसल सभापति ने इस बात पर आपत्ति जताई कि जब खरगे ने उन्हें सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती को लेकर पत्र लिखा था तो उसे मीडिया में क्यों जारी किया गया। सभापति ने इसे सदन के नियमों का उल्लंघन करार दिया। इस पर खरगे ने कहा कि वह सभी को पत्र के बारे में जानकारी नहीं दे सकते थे तो उन्होंने इसे लेकर मीडिया में बयान जारी किया। चर्चा के दौरान जेपी नड्डा ने विपक्ष के रवैये पर सवाल उठाए और नसीहत देते हुए कहा कि विपक्ष को उनसे ट्यूशन लेने की जरूरत है। दरअसल राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने




खरगे के पत्र के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पत्र को मीडिया में जारी करके संसद के जनता को जानकारी देने के अधिकार का उल्लंघन हुआ है। इसके बाद उपसभापति ने कई घटनाओं का जिक्र किया, जब सत्ता पक्ष के लोग सदन में बोल रहे थे और विपक्षी सांसदों ने उनकी सीटों के पास आकर उनके संबोधन बाधित करने का प्रयास किया। सभापति ने कहा कि 'क्या यह लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन नहीं है? उन्होंने कहा कि सदस्यों द्वारा वेल में प्रदर्शन गलत है और यह सदन की परंपरा के खिलाफ है। क्योंकि वेल की एक पवित्रता होती है।' सभापति के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जब सदन के नेता महत्वपूर्ण मुद्दे उठा रहे होते हैं। तो उस समय सदन में सीआई एसएफ कर्मियों की तैनाती गलत है। उन्होंने उदाहरण दिया कि 'जब अरुण जेटली राज्यसभा में और सुषमा स्वराज लोकसभा में विपक्ष के नेता थे, तो उन्होंने कहा था कि व्यवधान डालना भी लोकतंत्र को मजबूत करने का तरीका है। हम इसी तरह लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन करते रहेंगे और ये हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है।

संजय राउत का एलान

# ठाकरे गुट और मनसे स्थानीय चुनाव लड़ेंगे

मुंबई। राज्यसभा सांसद संजय राउत ने मंगलवार को घोषणा की कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) जरूर मिलकर महाराष्ट्र में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव लड़ेंगे। कई महीनों की अटकलों के बाद चचेरे भाई उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे जुलाई में फिर एक मंच पर आए। दोनों नेता महाराष्ट्र सरकार की पहली से पांचवीं कक्षा के छात्रों के लिए तीन-भाषा की नीति और कथित तौर पर हिंदी भाषा थोपे जाने के खिलाफ एक



साथ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। इसके बाद जब सरकार ने अपना फैसला वापस लिया, तब दोनों नेताओं ने एक साझा विजय रैली का भी आयोजन किया था।




जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मी।

तृणमूल कार्यकर्ताओं पर आरोप

# कूचबिहार में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला

कोलकाता/ एजेंसी

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर कूचबिहार जिले में हमले की खबर है। बताया गया कि एक विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुभेंदु के काफिले पर हमला किया। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने आरोपों को सुनियोजित नाटक करार दिया। कूचबिहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर भाजपा के प्रदर्शन का नेतृत्व करने उत्तर बंगाल जिले गए अधिकारी को नारेबाजी का सामना करना पड़ा। उन्हें खगराबाड़ी इलाके के पास काले झंडे दिखाए गए। भाजपा नेताओं के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस पार्टी के झंडे और काले झंडे लिए एक भीड़ दोपहर करीब 12.35 बजे खगराबाड़ी चौराहे पर जमा हो गई, जब अधिकारी का काफिला इलाके से गुजर रहा था। कथित तौर पर प्रदर्शनकारियों ने 'वापस जाओ' के नारे लगाए और उनकी गाड़ी पर जूते फेंके। उनके काफिले की कम से कम एक कार की खिड़कियों के शीशे टूट गए, जिसमें एक पुलिस एस्कॉर्ट वाहन भी शामिल था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले में पार्टी विधायकों पर हाल ही में हुए हमलों के विरोध में कूचबिहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करने की योजना बनाई थी। विधानसभा में विपक्ष के नेता इस



### घटना में किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं

घटनास्थल से प्राप्त तस्वीरों में प्रदर्शनकारियों की ओर से काफिले में शामिल वाहनों पर तृणमूल कांग्रेस के झंडे लहराते हुए और भीड़ से जूते फेंकते हुए देखा जा सकता है। इस घटना में किसी के घायल होने की पुष्टि अभी नहीं हुई है। जिला प्रशासन और पुलिस ने अभी तक इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। कूचबिहार में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के अनुसार, उन्होंने मंगलवार को जिले के विभिन्न हिस्सों में 'भाषा आंदोलन' आयोजित किया। स्थानीय तृणमूल नेतृत्व ने अधिकारी के एसपी कार्यालय तक मार्च की योजना के जवाब में विरोध कार्यक्रमों की घोषणा की थी।

दौरे के दौरान पुलिस अधीक्षक से मिलने वाले थे। भाजपा ने इस हमले के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया और दावा किया कि यह विपक्ष के नेता को डराने की एक पूर्व नियोजित कोशिश थी।

उत्तरकाशी में बादल फटने से मची तबाही

# धराली में खीर गंगा के सैलाब में कई घर नदी में बहे....अब तक 4 की मौत, पीएम मोदी ने हादसे पर जताया गहरा दुख

उत्तरकाशी/ एजेंसी

उत्तरकाशी जनपद के धराली गांव में बादल फटने से खीरगंगा में भयंकर बाढ़ आ गई। डीएम प्रशांत आर्य ने बताया की धराली आपदा में अब तक चार लोगों की मौत हुई है। जबकि कई लोगों के मलबे में दबे होने की सूचना है। पानी का सैलाब गांव की तरफआते ही लोगों में चीख पुकार मच गई। कई होटलों में पानी और मलबा घुस गया है। धराली बाजार पूरी तरह तबाह हो गया है। कई होटल दुकाने ध्वस्त हो चुकी है। आर्मी हर्षिल/पुलिस/एसडीआरएफ टीम भटवाड़ी के लिए रवाना हुई हैं।उत्तराखंड में भारी बारिश ने तबाही मचाई हुई है। आज मंगलवार सुबह ही उत्तरकाशी बडकोट तहसील क्षेत्र के बनाल पट्टी में भारी अतिवृष्टि होने से चपेट में आई करीब डेढ़ दर्जन बकरियां कुड गदेरे में बह गई। कुड गदेरा उफान पर आने से अफरातफरी मच गई। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक रोहित थपलियाल ने बताया, प्रदेश भर में 10 अगस्त तक भारी बारिश होने की संभावना है। खासकर पर्वतीय इलाकों में तेज दौर की बारिश के आसार हैं। वहीं, बारिश की वजह से सुरक्षा को देखते हुए देहरादून, पौड़ी, टिहरी और हरिद्वार में मंगलवार को भी स्कूल



बंद रहेंगे। धराली उत्तरकाशी क्षेत्र में बादल फटने से हुए भारी नुकसान का सीएम धामी ने गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन और अन्य संबंधित टीमें युद्ध स्तर पर जुटी हुई हैं। इस सम्बन्ध में लगातार वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क में हूं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के पास उत्तरकाशी में बादल फटने की प्राथमिक सूचना प्राप्त हुई है। उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग ने भारत सरकार को दो एमआई और एक चिनूक हेलिकॉप्टर राहत और बचाव कार्य के लिए देने का अनुरोध किया है। जनपद में बीती रविवार देर रात से हो रही बारिश के कारण स्यानाचट्टी के पास यमुनोत्री हाईवे का करीब 25 मीटर हिस्सा धंस गया है जिससे आवाजाही बंद हो गई है। वहीं स्यानाचट्टी के एक ओर पहाड़ी से बोल्डर गिर रहे हैं। उधर, गंगोत्री हाईवे सुबह से दोपहर तक कई स्थानों पर अवरुद्ध रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### कोण्डागांव जिले में विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**कोण्डागांव ( गंगा प्रकाश )।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अवनी कुमार बिसवाल के मार्गदर्शन में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर मातृत्व और बाल स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने हेतु जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 7 अगस्त 2025 तक चलेगा। इसी क्रम में मंगलवार को उपस्वास्थ्य केन्द्र जामकोटपारा, कोपाबेड़ा, आंगनबाड़ी केन्द्र गिरोला बड़ेपारा तथा गिरोला आवासपारा में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में स्तनपान से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। गुणवत्तापूर्ण स्तनपान विषय पर चर्चा करते हुए माताओं को यह बताया गया कि शिशु के पहले छः महीनों तक केवल माँ का दूध ही सबसे संपूर्ण आहार है। कार्यक्रम में शिशु दूध के विकल्प, बोतल से दूध पिलाने के दुष्परिणाम और पूरक आहार से जुड़े विषयों पर भी जानकारी दी गई। विशेष ध्यान इस बात पर दिया गया कि स्तनपान कराने वाली माताओं को सही मार्गदर्शन और समर्थन मिले, ताकि शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास में सुधार सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत भी एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज में लैंगिक समानता और बालिकाओं की शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन शक्ति से जिला मिशन समन्वयक श्रीमती रीना सिंह ठाकुर, जेंडर विशेषज्ञ उमेश कुमार मरापी, पर्यवेक्षक कोण्डागांव-01 श्रीमती रूखमणी साहू एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र से आर.एच.ओ. तथा मितानिन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मोदी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय: विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा- जीवनरक्षक दवाओं की कीमतों में कटौती से जनता को राहत

**महासमुंद/** बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी कदम की सराहना करते हुए कहा स्वस्थ भारत ही विकसित भारत की नींव है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिए गए निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि 37 आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत तक की कटौती एक साहसिक और संवेदनशील नीति है, जो आमजन के स्वास्थ्य अधिकारों को सशक्त बनाएगी।

विधायक डॉ अग्रवाल ने बताया कि इस निर्णय के तहत पैरासिटामोल, एटोरवास्टेटिन और एमोक्सिसिलिन जैसी प्रमुख जीवनरक्षक दवाएं अब पहले की तुलना में अधिक सस्ती दरों पर मिलेंगी, जिससे गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को राहत मिलेगी। उन्होंने इसे गरीब, श्रमिक और बुजुर्ग नागरिकों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे ग्रामीण और जनजातीय राज्य में यह निर्णय स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को सुदृढ़ करेगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि जनकल्याण के इस ऐतिहासिक कदम ने स्वास्थ्य सेवा को लेकर हमारी प्रतिबद्धता को एक नई मजबूती दी है। यह निर्णय स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने यह भी कहा कि सरकार की यह पहल न सिर्फ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को राहत देगी, बल्कि एक समग्र और समावेशी स्वास्थ्य व्यवस्था की नींव रखेगी। उन्होंने कहा कि यह नीति ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मज़बूती प्रदान करेगी और देशभर में समान रूप से प्रभाव डालेगी।

विधायक डॉ अग्रवाल ने कहा कि ऐसे जनहितकारी फैसलों से सरकार का संवेदनशील और दूरदर्शी नेतृत्व स्पष्ट होता है। स्वास्थ्य सुरक्षा अब अधिकार है, सिर्फ सुविधा नहीं।

### बसना में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का आकलन शिविर सम्पन्न

**बसना /** जिलाधीश महासमुंद विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं डीएमसी महासमुंद रेखराज शर्मा के आदेशानुसार समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा के अंतर्गत कक्षा 1ली से 12वीं तक के दिव्यांग बच्चों का विकास खण्ड स्तरीय चिन्हांकन एवं आंकलन शिविर का आयोजन विकास खंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय बसना में रखा गया। समावेशी शिक्षा के तहत प्री- प्राइमरी व कक्षा 1ली से 12वीं तक के दिव्यांग छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। यह आयोजन विकासखंड स्तर पर प्रात: 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित किया गया। दिव्यांग छात्र-छात्राओं का शिविर स्थल में विभिन्न दस्तावेज के साथ बच्चों के दिव्यांगता अनुसार 3 फोटो (मानसिक, श्रवण बाधित एवं दृष्टिबाधित बच्चों के दिव्यांगता प्रदर्शित अंग का पासपोर्ट साइज फोटो), आधार कार्ड एवं राशनकार्ड की छायाप्रतियां अनिवार्य दस्तावेज में मांगी गयी। नवीनीकरण हेतु प्रमाण पत्र की मूल प्रति में दिव्यांग प्रमाण बनने के 3 वर्ष पूर्व की तिथि को जांच कर किया गया। प्रमाण पत्र नवीनीकरण हेतु दिव्यांग प्रमाण पत्र की मूल प्रति की मांग की गयी थी। शिविर में 150 छात्र-छात्राओं एवं पालकों का पंजीयन किया गया। जिसमें 22 नवीन पंजीयन, 3 नवीनीकरण एवं 5 को महासमुंद रिफर किया गया तथा जिनके प्रमाण पत्र पूर्व में बन चुके हैं उनको नवीनीकरण तिथि की सूचना देकर आगामी शिविरों में शामिल होने के लिए सूचित किया गया। इस प्रकार कुल 150 छात्र-छात्राओं एवं पालकों ने शिविर का लाभ लिया।

विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि शिविर स्थल में शामिल पालकों, शिक्षकों एवं दिव्यांग बच्चों के लिए दोपहर में स्वादिष्ट भोजन और पेयजल की व्यवस्था किया गया था, जिसके लिए पालकों ने प्रसन्न मन से धन्यवाद ज्ञापित किया।

शिविर में डॉ. मानस अंकुर सतपथी अस्थि रोग विशेषज्ञ, मंजूषा चंद्रसेन नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ.दयानंद होता शिशु रोग विशेषज्ञ, टिकेश्वरी गोस्वामी साइकोलॉजिस्ट, निर्मल साहू ऑडियो लाजिस्ट, संतोष कुमार प्रभारी लिपिक मेडिकल बोर्ड, डॉ. चंचल लहरी नाक,कान,गला विशेषज्ञ,पुकराम कुर्रे अध्यक्ष छ.ग.दिव्यांग शासकीय अधिकारी कर्मचारी संघ, विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा बद्री विशाल जोल्हे,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर कंवर,समन्वयक अनिल सिंह साव,आरिफ बेग,डिजेन्द्र कुर्रे, सुरेश नन्द, अमित भोई, प्रफुल्ल साव,वारिश कुमार,सुरेश प्रधान,त्रिकांत बाघ,शरण दास, गफ्फार खान, मथामणि साव,स्पेशल एजुकेटर अंकित कुमार,सूरज पटेल, पुनित चौहान,विवेक साहू,मंजू का सहयोग सराहनीय रहा।

# नशीली गोलियों का सौदागर गिरफ्तार! गरियाबंद पुलिस की फुर्ती से पकड़े गए तीन आरोपी, 120 नशीली टैबलेट के साथ दबोचे गए

**गरियाबंद/फिंगेश्वर ( गंगा प्रकाश )।** गरियाबंद जिले में पुलिस ने नशे के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। फिंगेश्वर थाना पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो उड़ीसा व महासमुंद की ओर से नशीली गोलियां बेचने के इरादे से आ रहे थे। आरोपियों के पास से 120 नग नशीली टैबलेट, एक मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

**मुखबिर की सूचना से खुला पूरा मामला**

गरियाबंद जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने हाल ही में नशीली दवाओं के अवैध व्यापार पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में थाना फिंगेश्वर प्रभारी द्वारा क्षेत्र में मुखबिर सक्रिय किए गए थे। आज सुबह एक पुख्ता सूचना मिली कि तीन युवक एक मोटरसाइकिल में सवार होकर नाइट्रोसन-10 नामक प्रतिबंधित नशीली दवाई बेचने जा रहे हैं। सूचना मिलते ही फिंगेश्वर पुलिस ने तत्काल थाना के सामने मेन रोड पर MCP लगाकर घेराबंदी की। थोड़ी ही देर में मोटरसाइकिल क्रमांक CG-04-रू-7206 में तीन संदेही आते दिखे, जिन्हें रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में नाइट्रोसन-10 के 12 स्ट्रीप (कुल 120 टैबलेट, बाजार मूल्य ?936) बरामद हुईं। साथ ही दो टच स्क्रीन मोबाइल (वीवो कंपनी) और एक कीपैड मोबाइल (कुल मूल्य ?6,936) तथा मोटरसाइकिल (मूल्य ?40,000) को भी जब्त किया गया।




गिरफ्तार आरोपी - सब राजिम के रहने वाले

पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को हिरासत में लिया:

1. नितेश उर्फ मोंटी ठाकुर, पिता भानू ठाकुर, उम्र 23 वर्ष, निवासी ठाकुरपारा, राजिम।
2. दिनेश उर्फ मोनू धीवर, पिता रमेश धीवर, उम्र 21 वर्ष, निवासी थाना पारा, राजिम।
3. महेश्वर निर्मलकर, पिता राकेश निर्मलकर, उम्र 20 वर्ष, निवासी आमापारा, राजिम।



पहले से हैं अपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस सूत्रों के अनुसार, नितेश उर्फ मोंटी और दिनेश उर्फ मोनू पर पूर्व में भी विभिन्न धाराओं के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। ये दोनों पहले भी संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए जा चुके हैं।

### NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज

पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ NDPS एक्ट की धारा 22(ख) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने साक्ष्य की विधिवत जब्ती कर गवाहों के समक्ष गिरफ्तारी की।

**जप्त संपत्ति का विवरण:** नाइट्रोसन टैबलेट - 120 नग (कीमत 936/-),मोटरसाइकिल छ्त्-04-LZ-7206 - (कीमत 40,000/-),वीवो कंपनी के दो टच फोन + एक कीपैड मोबाइल - (कुल कीमत ?6,936/-) कुल जप्त रकम - 46,936/-

### पुलिस की अपील:

गरियाबंद पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने आसपास होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। नशे के इस गंदे धंधे के खिलाफ समाज की सक्रिय भूमिका बेहद जरूरी है।

# स्वास्थ मंत्री श्री जायसवाल ने कोण्डागांव व फरसगांव में चिकित्सालयों का किया निरीक्षण

### नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु दिए निर्देश

**कोंडागांव ( गंगा प्रकाश )।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा एवं बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज कोंडागांव जिले के प्रवास के दौरान जिला चिकित्सालय कोंडागांव एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसगांव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मरीजों से बातचीत कर हाल चाल जाना और वहां मिल रहे चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों का बेहतर ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष दीपक महस्के, बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया और कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना भी उपस्थित थे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला चिकित्सालय में आपातकालीन चिकित्सा कक्ष, मेजर ओटी वार्ड, सर्जिकल वार्ड सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं, दवाईयों की उपलब्धता, साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाले भोजन, मेडिकल स्टाफ सहित अन्य आवश्यक जानकारी ली। जिला अस्पताल में चल रहे मरम्मत कार्य के प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने सीजीएमएससी के अधिकारियों से एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय में मरीजों की संख्या को देखते हुए बेड की संख्या बढ़ाने और नये ऑपरेशन थिऐटर निर्माण कराने की बात कही। इसके पश्चात उन्होंने मातृ शिशु चिकित्सालय में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के सोनोग्राफी कक्ष में पहुंचकर कार्य के बारे में जानकारी ली और व्यवस्थित सोनोग्राफी कार्य के लिए आवश्यक व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। साथ ही चिकित्सालय में स्टॉफ की कमी को दूर करने के लिए जिला स्तर पर हो सकने वाले भर्ती को शीघ्र करने हेतु निर्देशित किया और बाकी पदों का राज्य स्तर पर भर्ती की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर के चतुर्वेदी एवं सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रेम मंडावी उपस्थित थे।







# शिशु वाटिका में शिवभक्ति की झलक, नन्हे भैया-बहनों ने निकाली कांवड़ यात्रा

**जांजगीर - चांपा ।** सरस्वती शिशु मंदिर चांपा में आयोजित हुआ सांस्कृतिक आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर चांपा में शिशु वाटिका के नन्हे भैया-बहनों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से ओतप्रोत कांवड़ यात्रा निकाली। भोलेनाथ के जयघोषों से गूंजते विद्यालय परिसर में बच्चों ने बोल बम, हर हर महादेव, बम बम भोले के जयघोष के साथ कांवड़ यात्रा करते हुए शिवजी का जलाभिषेक किया।इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम के तहत बच्चों ने कांवड़ व ध्वज लेकर छोटी यात्रा निकाली, जिसमें एकता, भाईचारे और समर्पण की भावना देखने को मिली। विद्यालय परिसर में गूंजते शिव भजनों और पारंपरिक लोकगीतों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।

बच्चों को कांवड़ यात्रा के महत्व की जानकारी भी दी गई और उन्हें शिवभक्ति के पारंपरिक गीतों के माध्यम से सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास किया गया।इस सफल आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार कश्यप, प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार पाण्डेय, जिला प्रमुख शिशु वाटिका उषा देवांगन, जय कंसारी, शिशु वाटिका में शिवभक्ति की झलक, नन्हे भैया-बहनों ने निकाली कांवड़ यात्रासरस्वती शिशु मंदिर चांपा में आयोजित हुआ सांस्कृतिक आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर चांपा में शिशु वाटिका के नन्हे भैया-बहनों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से ओतप्रोत कांवड़ यात्रा निकाली। भोलेनाथ के जयघोषों से गूंजते विद्यालय परिसर में बच्चों ने बोल बम, हर हर महादेव, बम बम भोले के जयघोष के साथ कांवड़ यात्रा करते हुए शिवजी का जलाभिषेक किया।इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम के तहत बच्चों ने कांवड़ व ध्वज लेकर छोटी यात्रा निकाली, जिसमें एकता, भाईचारे और समर्पण की भावना देखने को मिली। विद्यालय परिसर में गूंजते शिव भजनों और पारंपरिक लोकगीतों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।बच्चों को कांवड़ यात्रा के महत्व की जानकारी भी दी गई और उन्हें शिवभक्ति के पारंपरिक गीतों के माध्यम से सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास किया गया।इस सफल आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार कश्यप, प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार पाण्डेय, जिला प्रमुख शिशु वाटिका उषा देवांगन, जय कंसारी, गीता शर्मा, खुशबू कैवर्त, केश्वरी नामदेव, रजनी पाण्डेय, सुनित स्वर्णकार, शयोगेश, निशु राठौर, संगीता यादव, राखी सिंह, शिव कुमार बरेठ एवं विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

# बीजापुर में सूचना के अधिकार का मजाक: आरटीआई कार्यकर्ता यदीन्द्रन नायर दर-दर भटकने को मजबूर, जनपद पंचायत भोपालपट्टनम और उसूर में विभागीय चुप्पी

**बीजापुर ( गंगा प्रकाश )।** छत्तीसगढ़ लोकतंत्र की रीढ़ कहे जाने वाले सूचना के अधिकार अधिनियम (RTI Act) की दुर्दशा और सरकारी विभागों की लापरवाही एक बार फिर छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में उजागर हो रही है। आरटीआई कार्यकर्ता यदीन्द्रन नायर द्वारा जनपद पंचायत भोपालपट्टनम और उसूर के खिलाफ दायर की गई जानकारी की मांग पर विभागीय स्तर पर चुप्पी और उपेक्षा का आलम है।

आरटीआई अधिनियम 2005, आम नागरिक को सरकारी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और जवाबदेही तय करने का संवैधानिक अधिकार देता है। लेकिन जब यही कानून मज़ाक का विषय बना दिया जाए, तब सवाल उठना लाज़मी है — क्या सरकार खुद अपने कानूनों की धज्जियाँ उड़ा रही है?

### यदीन्द्रन नायर की जंग: अधिकार मांगने पर अपमान

यदीन्द्रन नायर कोई आम नागरिक नहीं, बल्कि वर्षों से आदिवासी अंचल में पारदर्शिता, सरकारी योजनाओं की निगरानी और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज़ बुलंद करते आ रहे हैं। नायर ने बीते महीनों में जनपद पंचायत भोपालपट्टनम और जनपद पंचायत उसूर में कई आरटीआई आवेदन लगाए थे। इन आवेदनों में पंचायतों में खर्च हुई राशि, मनरेगा के तहत हुए भुगतान, ठेकेदारों की सूची, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता रिपोर्ट, और सामाजिक योजनाओं की अद्यतन जानकारी मांगी गई थी।

लेकिन हैरत की बात यह है कि न तो समयसीमा के भीतर कोई जवाब मिला, न ही नायर को यह बताया गया कि उनकी अर्जियां किन कारणों से लंबित हैं। विभागीय चुप्पी ने न सिर्फ कानून की भावना को ठेंगा दिखाया है, बल्कि एक जागरूक नागरिक की गरिमा को भी ठेस पहुंचाई है।

### मौन व्यवस्था या मुनाफखोर तंत्र?

नायर का कहना है, मैंने बार-बार जनपद कार्यालयों का दौरा किया। संबंधित अधिकारी या तो कार्यालय से नदारद रहे या जवाब टालते रहे। एक बार तो मुझे कहा गया कि 'आप जैसे लोग ही काम में अड़ंगा डालते हैं।' ये लहजा न सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि बताता है कि अधिकारियों को आरटीआई से कितना डर और नफ़रत है।

सूत्रों के अनुसार, इन पंचायतों में मनरेगा और पीएम आवास योजना जैसी स्कीमों में अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे हैं। ठेकेदारों और जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से अधूरी निर्माण योजनाओं का पूरा भुगतान हो चुका है, और योजनाओं की फाइलों में सब कुछ 'पूरा' दिखाया गया है।




### विभागीय चुप्पी: संविधान का अपमान

सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 7(1) के अनुसार, किसी भी आरटीआई आवेदन पर अधिकतम 30 दिनों के भीतर जवाब देना अनिवार्य है। इसके बाद सूचना न देना एक दंडनीय अपराध है। यदि जानकारी सार्वजनिक हित से जुड़ी हो तो जवाब 48 घंटे में देना चाहिए। लेकिन यहां महीनों बीत गए, और कोई जवाब नहीं।

आरटीआई के तहत जवाब न देने पर राज्य सूचना आयोग को संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारी पर ?250 प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाने का अधिकार है। लेकिन दुर्भाग्यवश, आयोग भी कई बार कागज़ी कार्रवाई तक ही सीमित रह जाता है। इससे नौकरशाही को एक तरह से छूट मिल जाती है।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

इस मुद्दे पर जब जनपद पंचायत भोपालपट्टनम और उसूर के संबंधित अधिकारियों से प्रतिक्रिया मांगी गई, तो अधिकांश ने चुप्पी साध ली। कुछ कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ऊपरी दबाव के चलते कुछ आरटीआई पर जवाब नहीं दिया जाता।

यह सवाल उठाता है कि क्या सरकार और प्रशासन खुद पारदर्शिता से भाग रहे हैं? जब एक आम नागरिक, वह भी प्रशिक्षित आरटीआई कार्यकर्ता, को इस तरह दर-दर भटकना पड़े, तो ग्रामीण, अशिक्षित और कमजोर वर्ग के लोगों को न्याय कैसे मिलेगा?

### यदीन्द्रन की चेतावनी: सड़क से न्यायालय तक लड़ाई

यदीन्द्रन नायर ने कहा है कि वे अब इस मामले को राज्य सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग और न्यायालय तक लेकर जाएंगे। साथ ही इस मुद्दे को लेकर बीजापुर जिले में जनजागरण अभियान भी शुरू किया जाएगा, ताकि लोगों को जानकारी दी जा सके कि कैसे उनके अधिकारों की अनदेखी की जा रही है।

उन्होंने कहा, ये सिर्फ मेरी लड़ाई नहीं, हर उस नागरिक की लड़ाई है जो यह जानना चाहता है कि जनता के पैसे से क्या काम हुआ। अगर पंचायतें जवाब नहीं देंगी, तो हम सड़कों पर उतरेंगे।

यह मामला बीजापुर जैसे संवेदनशील और आदिवासी बहुल जिले की उस कड़वी सच्चाई को उजागर करता है, जहां कानून किताबों में है, लेकिन ज़मीन पर नहीं। यदीन्द्रन नायर की यह लड़ाई, एक उदाहरण है कि कैसे लोकतंत्र में जागरूक नागरिक ही असली प्रहरी हैं — और उन्हें चुप कराना, दरअसल संविधान को चुप कराना है।

क्या छत्तीसगढ़ की सरकार इस गंभीर मामले पर संज्ञान लेगी या फिर यह लड़ाई भी फाइलों के ढेर में दबी रह जाएगी?

# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत तीन नए निक्षय मित्र बने, मरीजों को पोषण आहार वितरित

**बेमेतरा, ( गंगा प्रकाश )** स्वास्थ्य विभाग बेमेतरा द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर चोरभट्टी में मंगलवार को तीन नए निक्षय मित्र बनाए गए। ये निक्षय मित्र हैं श्रीमती रेखा पात्रे, सरपंच ग्राम पंचायत चोरभट्टी, रवि साहू सामाजिक कार्यकर्ता ग्राम मटका, और श्रीमती किरण सोनी, सैक्टर सुपरवाइजर पीएचसी जेवरा। तीनों नव नियुक्त निक्षय मित्रों ने तीन क्षय रोगियों को पोषण आहार प्रदान कर उनके इलाज में सहयोग प्रदान किया तथा टीबी के खिलाफ चल रहे अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।



इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से भी आग्रह किया गया कि वे आगे आकर निक्षय मित्र बनें और टीबी उन्मूलन में सहयोग दें। कार्यक्रम सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन और जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. बी.एल. राज के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पीएमडीटी कोऑर्डिनेटर श्री दिनेश जायसवाल एवं वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक श्री गिरधर देवांगन की भूमिका रही। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंजू मिरचंडे, स्वास्थ्य संयोजक श्रीमती नीलिमा पांडे, सुनील कुमार पात्रे, संध्या साहू, मितानीन सीता साहू एवं सविता साहू सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणजनों को टीबी के लक्षण, बचाव के उपाय, इलाज की प्रक्रिया और निक्षय मित्र योजना के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें प्रेरित किया गया कि वे भी आगे आकर निक्षय मित्र बनें और टीबी मुक्त भारत अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने किया कोबीया स्थित निर्माणाधीन अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार कार्यालय का निरीक्षण, गुणवत्ता पर विशेष जोर

**बेमेतरा, ( गंगा प्रकाश )** कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने आज जिला मुख्यालय अंतर्गत कोबीया क्षेत्र में निर्माणाधीन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार कार्यालय भवन का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण की प्रगति, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा कार्य की समयसीमा की विस्तार से समीक्षा की।



कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्माण एजेंसी और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय आम जनता से सीधे जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी संरचना, सुविधा और टिकाऊपन सर्वोत्तम स्तर की होनी चाहिए। निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण हो, यह सुनिश्चित किया जाए ताकि क्षेत्रीय जनता को शीघ्र ही बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) श्री प्रकाश भारद्वाज, संबंधित विभागों के इंजीनियर, राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की नियमित निगरानी की जाए और गुणवत्ता मानकों का सतत परीक्षण किया जाए।

# धर्मांतरण पर विहिप सख्त रुख़ में, टोनहीडबरी में चंगाई सभा की आड़ में मतांतरण का खुलासा – गरियाबंद में बनी निगरानी समिति, प्रशासन को सौंपा गया ज्ञापन

**गरियाबंद/छुरा ( गंगा प्रकाश )।** छत्तीसगढ़ के विभिन्न आदिवासी अंचलों में तेजी से फैल रहे धर्मांतरण को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने एक बार फिर सख्त रुख़ अपनाया है। सरगुजा, जशपुर, बस्तर, और जगदलपुर जैसे जिलों के बाद अब गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड के टोनहीडबरी गांव में चंगाई सभा की आड़ में चल रहे कथित मतांतरण का मामला उजागर हुआ है।

गांव के ही एक जागरूक युवक ने विहिप के कार्यकर्ताओं को जानकारी दी कि एक साल पहले शुरू हुई प्रार्थना सभा अब बड़े स्तर की चंगाई सभा में बदल चुकी है। बाहर से महंगी गाड़ियों में आने वाले लोग गांव में आदिवासी संस्कृति को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं।

**गांव ने एकमत से जताया विरोध, सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित**– विश्व हिंदू परिषद छुरा प्रखंड की सक्रियता से गांव की सुरक्षा और सांस्कृतिक पहचान को लेकर तीन दौर की बैठकें की गईं। इन बैठकों में गांव समिति व ग्रामीणों को यह बताया गया कि कैसे चंगाई सभा के नाम पर बाहरी लोग गांव की परंपरा और धार्मिक आस्था को बदलने का प्रयास कर रहे हैं।

इसके बाद ग्राम सभा की बैठक बुलाकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि गांव में किसी भी प्रकार की अवैध चंगाई सभा को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गांव के ही शेषनारायण ठाकुर को बुलाकर उन्हें समझाया गया, लेकिन उन्होंने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया।



**प्रशासन को सौंपा गया ज्ञापन, विहिप की चेतावनी**– विहिप गरियाबंद जिला इकाई ने ग्राम सभा के प्रस्ताव को संलग्न करते हुए अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने स्पष्ट शब्दों में प्रशासन को चेतावनी दी है कि जिले के अंदर इस तरह की चंगाई सभाओं और अवैध मतांतरण के प्रयासों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विहिप का आरोप है कि जिले के कई गांवों में भोले-भाले आदिवासियों को पैसे, नौकरी और अन्य लालच देकर ईसाई धर्म में परिवर्तित किया जा रहा है। पहले संगठन ने कई बार समझाइश देकर मामले सुलझाने की कोशिश की, लेकिन अब संगठन ने दो टूक कहा है कि अब समझाइश नहीं, निर्णायक कार्यवाही होगी।

**'घर वापसी' अभियान की घोषणा, सभी प्रखंडों में बनी निगरानी समिति**– विहिप ने मतांतरण को रोकने और घर वापसी को बढ़ावा देने के लिए जिले के सभी प्रखंडों में 7 से 10 कार्यकर्ताओं की निगरानी समिति गठित की है। यह समितियाँ विशेष रूप से धर्मांतरण की गतिविधियों पर निगरानी रखेगी और ज़रूरत पड़ने पर प्रशासन को सतर्क करेगी।

**समिति में शामिल प्रमुख कार्यकर्ता:**– प्रकाश निर्मलकर, भोला प्रसाद पांडे, मेषनंदन पांडे, रामशरण पुरैना, पोषण सिन्हा, मनोज पटेल, लोकेश वैष्णव विहिप के कार्यकर्ताओं का कहना है कि अब समय आ गया है कि पूरे जिले में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और धार्मिक पहचान को सुरक्षित रखा जा सके।

**प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतज़ार**– अभी तक इस मामले पर जिला प्रशासन की ओर से कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन विहिप के तेवर और ग्रामीणों की एकजुटता को देखते हुए यह विषय अब गरियाबंद में गंभीर सामाजिक और राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन चुका है।

विशेष नोट: यह मामला न केवल गरियाबंद के लिए, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्रों के लिए एक चेतावनी और जागरूकता का संकेत है। जिस तरह चंगाई सभा की आड़ में धर्मांतरण का आरोप लगाया गया है, वह प्रदेश में सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक स्वतंत्रता के बीच संघर्ष की स्थिति को उजागर करता है।

# रक्षाबंधन पर देशभक्ति की मिसालः साहू संघ धमतरी की महिलाओं ने 65वीं सीआरपीएफबटालियन के वीर जवानों को राखी बांधकर किया सम्मानित

**गरियाबंद/ बिंद्रानवागढ़ ( गंगा प्रकाश )।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर जहां एक ओर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर प्रेम, आशीर्वाद और सुरक्षा का धागा बाँध रही थीं, वहीं धमतरी जिले की साहू समाज की महिलाओं ने देश की रक्षा में तैनात वीर जवानों को अपना भाई मानते हुए उन्हें रक्षा सूत्र बाँधकर अनोखे अंदाज़ में रक्षाबंधन मनाया।

धमतरी साहू संघ की दर्जनों महिलाएं बिंद्रानवागढ़ चौकी स्थित सीआरपीएफ65वीं बटालियन के कैंप पहुंचीं, जहां उन्होंने जवानों की कलाइयों पर स्नेह की डोर बाँधी और उनके चेहरे पर मुस्कान ला दी। मिठाईयों, फूलों और देशभक्ति के गीतों के साथ इस आयोजन ने माहौल को भावुकता और गौरव से भर दिया।



**देश के रक्षकों को समर्पित एक दिन**– इस कार्यक्रम के दौरान जवानों की आंखों में जहां खुशी और गर्व साफझलक रहा था, वहीं साहू संघ की महिलाओं ने भी यह संदेश दिया कि हमारे वीर जवान केवल सरहदों के रक्षक ही नहीं, हमारे परिवार के अभिन्न अंग हैं। रक्षाबंधन जैसे पर्व पर जब कोई सैनिक अपने घर-परिवार से दूर होता है, ऐसे में समाज के लोग जब आगे बढ़कर उनका मान-सम्मान करते हैं, तो वह सिर्फ एक परंपरा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और भावनात्मक जुड़ाव की मिसाल बन जाती है।

**कर्तव्यबोध और संस्कृति का संगम**– साहू संघ की महिलाओं ने कहा कि वे हर वर्ष रक्षाबंधन के दिन वीर जवानों को राखी बाँधने जाती हैं, ताकि संस्कृति, कर्तव्य और देशसेवा की भावना को जमीनी स्तर पर ज़िंदा रखा जा सके।

यह परंपरा अब एक प्रेरणा बन चुकी है, जो समाज को जोड़ती है, एकता को मजबूत करती है और भावनाओं को सींचती है।

**जवानों का भी भावुक प्रतिक्रिया**– राखी बाँधने के बाद कई जवानों ने भावुक होकर कहा कि, घर से दूर रहते हुए जब कोई बहन हमारी कलाई पर राखी बाँधती है, तो वह हमें यह एहसास कराता है कि हम अकेले नहीं हैं। उन्होंने साहू संघ की इस पहल की सराहना की और कहा कि समाज की यह भागीदारी उन्हें और ज्यादा मजबूत करती है।

यह कार्यक्रम सिर्फ एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि देश के रक्षकों के प्रति समाज की भावनाओं का जीवंत चित्रण था। साहू संघ धमतरी की यह पहल आने वाले वर्षों में भी प्रेरणा देती रहेगी और देशभक्ति के रंग में रंगे इस रक्षाबंधन की यादें लंबे समय तक जवानों के दिलों में ताज़ा रहेंगी।

# जल जीवन मिशनः गरियाबंद में कलेक्टर उइके का बड़ा एक्शन – काम में लापरवाही पर ठेकेदारों को चेतावनी, 12 को नोटिस

**गरियाबंद ( गंगा प्रकाश )।** जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों और एजेंसियों पर अब गाज गिरनी तय है। कलेक्टर बी.एस. उइके ने मंगलवार को मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि काम में ढिलाई नहीं चलेगी। उन्होंने न सिर्फकार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की, बल्कि 12 अनुपस्थित ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दे दिए।

**हर घर तक नल से जल पहुँचे – यह है प्राथमिकता**– कलेक्टर उइके ने बैठक में मौजूद सभी एजेंसियों और ठेकेदारों को कड़े शब्दों में कहा कि जल जीवन मिशन केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य हर ग्रामीण परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। उन्होंने निर्देश दिए कि—

**नल-जल कनेक्शन के कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं**– प्रत्येक हितग्राही तक घर-घर जल की आपूर्ति सुनिश्चित हो। कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं हो।

अनुबंध होगा रद्द, एजेंसियां होंगी ब्लैकलिस्ट बैठक में कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि— जो एजेंसियां और ठेकेदार अनावश्यक विलंब कर रहे हैं, उनके अनुबंध तत्काल समाप्त किए जाएंगे और उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।



उन्होंने कहा कि अब 'सिर्फ रिपोर्ट नहीं, जमीनी काम' चाहिए। बचे हुए कार्यों को तत्काल गति देने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाने और कार्य योजना को पुनः व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए।

**इंजीनियरों की भी तय होगी जवाबदेही**– कलेक्टर ने कहा कि मिशन के तहत नियुक्त सहायक यंत्री (सब इंजीनियर) की जिम्मेदारी है कि वे कार्यों की सतत निगरानी करें। यदि कहीं भी लापरवाही या प्रगति में बाधा पाई गई, तो संबंधित इंजीनियर पर भी कार्रवाई तय होगी।

**कलेक्टर का कड़ा संदेश ङ्क जनहित सर्वोपरि**– कलेक्टर श्री उइके का यह संदेश साफथा कि जनहित के कार्यों में लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिशन की सफलता के लिए जनसुनवाई के फीडबैक को भी गंभीरता से लिया जाए।

**बैठक में शामिल अधिकारी और एजेंसियां**– बैठक में ईई पीएचई विप्लव घृतलहरे, सभी एसडीओ, संबंधित निजी एजेंसियों के प्रतिनिधि, और ठेकेदारगण मौजूद रहे। कलेक्टर ने व्यक्तिगत रूप से विकासखण्डवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और प्रत्येक गांव में चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

# रेशम और लाख उत्पादन इकाइयों का शैक्षणिक भ्रमण : कृषि छात्रों के लिए प्रेरणा, अनुभव और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता कदम

**फिंगेश्वर/गरियाबंद ( गंगा प्रकाश )।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, फिंगेश्वर के बीएससी कृषि द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए मंगलवार का दिन खास रहा। इन छात्रों ने गरियाबंद और महासमुंद जिलों में स्थित रेशम एवं लाख उत्पादन इकाइयों का शैक्षणिक भ्रमण कर व्यावहारिक ज्ञान की नई दुनिया को महसूस किया। यह भ्रमण न केवल पाठ्यक्रम के तहत था, बल्कि आत्मनिर्भर कृषि व्यवसाय की संभावनाओं को तलाशने की दिशा में एक ठोस पहल भी साबित हुआ।

**अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में हुआ शैक्षणिक सफर**– इस शैक्षणिक यात्रा का नेतृत्व महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। भ्रमण का संयोजन सहायक प्राध्यापक डॉ. सौरभ पद्मशाली एवं अतिथि शिक्षक आदर्श कुमार द्वारा किया गया। यह दल जब ग्रामीण अंचलों में पहुंचा तो छात्रों ने रेशम और लाख उत्पादन की उन बारीकियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा, जिसे अब तक केवल पुस्तकों और व्याख्यानों में ही जाना था।




**कौंदकेरा, लोहरसी और पचेड़ा की रेशमी दुनिया**– गरियाबंद जिले के ग्राम कौंदकेरा और लोहरसी, तथा महासमुंद जिले के ग्राम पचेड़ा में स्थित शासकीय रेशम उत्पादन इकाइयों में छात्रों ने रेशम (मुलबेरी) एवं टसर (कोसा) कीट पालन की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने देखा कि सहतूत एवं अर्जुन के पौधों पर रेशम कीट की इल्लियों का पालन कैसे होता है, कैसे वे कोकून बनाते हैं, और फिर उन कोकूनों से रेशम के धागे प्राप्त किए जाते हैं। इसके साथ ही सरकार द्वारा रेशम उद्योग को बढ़ावा देने हेतु सब्सिडी व प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी भी उन्हें दी गई।

**लाख उत्पादन की मिसालः मिलन सिंह विश्वकर्मा**–

भ्रमण का सबसे प्रेरणादायक पड़ाव रहा महासमुंद के ग्राम कुर्राभाटा, जहां राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित लाख उत्पादक मिलन सिंह विश्वकर्मा से मुलाकात की गई। उन्होंने छात्रों को बताया कि कैसे उन्होंने 25 एकड़ से अधिक भूमि पर कुसुमी और रंगीनी लाख का सफल उत्पादन किया है। छात्रों ने कुसुम, बेर, कैलिएंड्रा, गलवांग और सेमियालाता जैसे पौधों पर हो रहे लाख की खेती को नजदीक से देखा और समझा कि लाख कीटों की जीवनचक्र को कैसे नियंत्रित कर व्यावसायिक उत्पादन सुनिश्चित किया जाता है।

**आत्मनिर्भर कृषि की ओर कदम**– इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि उन्हें प्रेरित करना था कि वे परंपरागत खेती से आगे बढ़कर कृषि आधारित उद्योगों की ओर भी कदम बढ़ाएं। भ्रमण में शामिल छात्र-छात्राओं ने इसे अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि यह अनुभव उन्हें अपने भविष्य के लिए नए रास्ते दिखा रहा है।

जब हमने खुद अपने हाथों से लाख की झिल्ली को पौधों पर चिपका हुआ देखा और रेशम कीटों को कोकून बनाते देखा, तब हमें समझ आया कि कृषि केवल खाद्यान्न उत्पादन नहीं, बल्कि रोजगार और उद्यमिता का विशाल क्षेत्र है।

**— एक छात्रा की प्रतिक्रिया**

अंत में... इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को कक्षा से खेत, प्रयोगशाला से उत्पादन इकाइयों तक की यात्रा कराते हैं। आज जब देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब कृषि के छात्र भी इस अभियान के अग्रदूत बन सकते हैं — बशर्ते उन्हें व्यवहारिक ज्ञान, अनुभव और प्रोत्साहन सही समय पर मिले। फिंगेश्वर कृषि महाविद्यालय का यह प्रयास निश्चित ही इसी दिशा में एक प्रेरक कदम है।

पत्रकारो की आवश्यकता है

छत्तीसगढ़ में हिन्दी दैनिक समाचार पत्र गंगा प्रकाश को संवाददाताओ की आवश्यकता है।

हिन्दी का अच्छा एवं अंग्रेजी का ठीक -ठाक ज्ञान जरूरी

खबरो को तथ्यों के साथ पेश कर सकने की इच्छा हो तो संपर्क करे

संपर्क सूत्र :-8878098815 9770269285

## संपादकीय

### भगदड़ बन चुकी है रोज की खबर

चिंता की बात यह है कि पूर्व की घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया जाता है। यही वजह है कि मनसा देवी मंदिर हादसे के दूसरे दिन पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के अवसानेश्वर मंदिर में भी भगदड़ की घटना हो गई। आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी और भीड़-भाड़ के बीच भगदड़ एक सामान्य घटना बनती जा रही है। कभी धार्मिक सभाओं के आयोजन, रेल में चढ़ते वक्त, तो कभी मंदिरों में भगदड़ से लोगों की जान जा रही है। मगर, चिंता की बात है कि इन घटनाओं से कहीं कोई सबक नहीं लिया जाता। हर बार गहन जांच, सख्त कार्रवाई और भविष्य में एहतियाती उपाय करने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही रहता है। उत्तराखंड के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर क्षेत्र में रविवार को भगदड़ में आठ श्रद्धालुओं की मौत इसी लापरवाही का नतीजा है। हैरत की बात है कि इससे अगले ही दिन उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के अवसानेश्वर मंदिर में भी ऐसी ही घटना में दो लोगों की मौत हो गई। ऐसा लगता है कि भगदड़ का एक सिलसिला शुरू हो गया है और व्यवस्थागत खामियों की सिलवटें हैं कि ठीक होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। पिछले दिनों महाकुंभ में भगदड़ मचने से अनेक लोग मारे गए। इसके बाद बंगलुरु में आरसीबी की जीत के जश्न में आयोजित समारोह में भगदड़ से कई लोगों की जान चली गई। इससे पहले हाथरस के एक आश्रम में हुई भगदड़ की घटना को भी नहीं भूलाया जा सकता। सवाल है कि आखिर ऐसी कितनी घटनाओं के बाद शासन और प्रशासन चेतेगा? मनसा देवी मंदिर में भगदड़ का कारण करंट फैलने की अफवाह को बताया जा रहा है। मगर, क्या इस तरह की अफवाह को हादसे में तब्दील होने से रोका नहीं जा सकता था? प्रशासनिक अमला इस तरह की आशंकाओं का अनुमान लगाने में इतना अक्षम क्यों है? चिंता की बात यह है कि पूर्व की घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया जाता है। यही वजह है कि मनसा देवी मंदिर हादसे के दूसरे दिन पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के अवसानेश्वर मंदिर में भी भगदड़ की घटना हो गई। इसमें दोराय नहीं कि पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों समेत सार्वजनिक जगहों पर लोगों की भीड़ आए दिन बढ़ रही है। ऐसे में शासन-प्रशासन को भीड़ प्रबंधन के उपायों को सख्ती से लागू करना होगा और लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय कर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लानी होगी। तभी व्यवस्था में सुधार की उम्मीद की जा सकती है।

### पाकिस्तान का चेहरा फिर बेनकाब

अमेरिका की ओर से 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किए जाने के बाद अब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक ताजा रपट ने इस तथ्य की सत्यता के आधार को और मजबूत कर दिया है। सुरक्षा परिषद की किसी रपट में पहली बार टीआरएफ का जिक्र किया गया है और साथ ही इस बात को भी माना है कि यह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का ही एक मुखौटा है। इससे न केवल आतंक के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक स्तर पर भारत के प्रयासों को बल मिला है, बल्कि पाकिस्तान एक बार फिर दुनिया के सामने बेनकाब हुआ है। यह इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि पहलगाम हमले को अंजाम देने वाला आतंकी संगठन टीआरएफ ही था और उसने बाकायदा इसकी जिम्मेदारी भी ली थी। हालांकि, भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बाद उसने किसी खास रणनीति के तहत अपना बयान वापस ले लिया था। सुरक्षा परिषद के इस कदम को भारत की कूटनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने टीआरफ के नापाक मंसूबों को दुनिया के सामने उजागर किया था और अब सुरक्षा परिषद ने भी इस आतंकी संगठन को चिह्नित कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहलगाम हमले के बाद एक बयान जारी कर कहा था कि ऐसे घृणित आतंकवादी कृत्य के लिए जिम्मेदार अपराधियों, साजिशकर्ताओं, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को न्याय के कठघरे में लाना जरूरी है। हालांकि, पाकिस्तान के दखल के कारण उस बयान में टीआरएफ का जिक्र नहीं किया गया था। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने तब अपनी संसद में खुद यह दावा किया था कि उन्होंने सुरक्षा परिषद के बयान से टीआरएफ का नाम हटवा दिया है। दरअसल, पाकिस्तान की पहले से यह रणनीति रही है कि उसकी धरती पर फैल रहे आतंक के वृक्ष को वैश्विक स्तर पर चिह्नित नहीं होने दिया जाए। साथ ही यह इस बात का भी संकेत है कि दुनिया आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान के दावों को किस नजरिए से देखती है। रपट में एक देश के उन दावों को भी खारिज कर दिया गया है कि लश्कर-ए-तैयबा निष्क्रिय हो चुका है।

# रिसायक्लिंग-भारत को आपूर्ति श्रृंखला में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सामरिक समाधान

(रजत वर्मा)

**बड़े पैमाने पर अनौपचारिक रीसायक्लिंग सेक्टर को औपचारिक बनाने की आवश्यकता है। अधिक विनियमित प्रणाली न सिर्फ रिकवरी रेट में सुधार लाएगी बल्कि दीर्घकालिक निवेश को भी आकर्षित करेगी।**

विश्वस्तरीय आपूर्ति श्रृंखला को भू-राजनैतिक तनाव एवं कारोबार में उथल-पुथल के चलते मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में हमें अपने देश में ही बैटरी रीसायक्लिंग के लिए मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना होगा। भारत तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों एवं स्वच्छ उर्जा को अपना रहा है, जिसके चलते लिथियम-आयन बैटरियों की मांग में काफी बढ़ोतरी हुई है। हालांकि इस बीच एक बड़ा मुद्दा उभरा है: बैटरी उत्पादन के लिए आयात की गई महत्वपूर्ण सामग्री पर देश की बढ़ती निर्भरता। विश्वस्तरीय आपूर्ति श्रृंखला को भू-राजनैतिक तनाव एवं कारोबार में उथल-पुथल के चलते मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में हमें अपने देश में ही बैटरी रीसायक्लिंग के लिए मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना होगा। इस समाधान से न सिर्फ भारत की आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षित होगी बल्कि तेज़ी से विकसित होते विश्वस्तरीय उद्योग में आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी। विश्वस्तरीय आपूर्ति श्रृंखला की बाधाएं कारोबार में तनाव एवं निर्यात पर नियन्त्रण के चलते दुनिया भर में बैटरी मटीरियल का मार्केट प्रभावित हुआ है। मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियां जैसे चीन का ईवी टैरिफ एवं निर्यात पर प्रतिबंधों के कारण वभिन्न देश अपनी आपूर्ति श्रृंखला का पुनःमूल्यांकन कर रहे हैं। वर्तमान में इस बाज़ार पर चीन का प्रभुत्व है, जो महत्वपूर्ण बैटरी सामग्री के 78 फीसदी हिस्से का नियन्त्रण करता है। चीन पर इतनी अधिक निर्भरता दुनिया भर में इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन, उर्जा संग्रहण प्रणाली एवं आधुनिक निर्माण पर गंभीर प्रभाव उत्पन्न कर सकती है। इन जोखिमों को कम करने के लिए भारत जैसे देशों को स्थानीय समाधान विकसित करने होंगे ताकि कच्चे माल के लिए आयात पर निर्भरता कम की जा सके। ऐसा करके भारत अपने बैटरी उद्योग को बाहरी झटकों एवं कीमतों के उतार-चढ़ाव से सुरक्षित रख सकता है। यह बेहद ज़रूरी है क्योंकि आने वाले समय में ईवी बैटरियों एवं नवीकरणीय उर्जा के विकास के कारण लिथियम, कोबाल्ट एवं निकल की मांग बढ़ने का अनुमान है। भारत में स्थानीय रिसायक्लिंग की आवश्यकता भारत ने स्वच्छ उर्जा भविष्य के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं, 2030 तक 100 मिलियन इलेक्ट्रिक वाहन बेचने की योजना है। इतने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के बावजूद देश को बैटरी निर्माण के लिए लिथियम, कोबाल्ट और निकल का आयात भारी मात्रा में करना पड़ता है। इसी के मद्देनज़र बैटरी अपशिष्ट प्रबन्धन नियमों में एक्सटेंडेड प्रोड्युसर रिस्पॉन्सिबिलिटी (ईपीआर) को शामिल कर भारत ने स्थायित्व की दिशा में उल्लेखनीय कदम बढ़ाया है। राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन में रीसायक्लिंग एवं सैकण्डरी सोर्सेज़ (द्वितियक स्त्रोतों) को शामिल करने से इस दृष्टिकोण को और अधिक गति मिली है। स्थानीय स्तर पर रीसायक्लिंग का पैमाना बढाकर तथा इनोवेशन एवं आधुनिक मैनुफैक्चरिंग के द्वारा महत्वपूर्ण खनिजों की घरेलू मांग बढ़ाकर देश विकसित भारत के निर्माण की दिशा में तेज़ी से अग्रसर हो सकता है। रीसायक्लिंग है सामरिक समाधान अपने देश में ही रीसायक्लिंग सिस्टम बनाने से भारत को कई फायदे होंगे। स्थानीय स्तर पर बैटरी-ग्रेड मटीरियल उपलब्ध होने से भारत दुनिया भर के मार्केट में होने वाले उतार-चढ़ाव एवं कारोबार की बाधाओं से सुरक्षित रहेगा। इससे भारत के ईवी सेक्टर के विकास के लिए महत्वपूर्ण सामग्री की सुरक्षित एवं सतत आपूर्ति को सुनिश्चित किया जा सकेगा। स्थानीय स्तर पर रीसायक्लिंग के द्वारा आपूर्ति श्रृंखला को अनुकूलित करने से आयात पर निर्भरता कम होगी। इससे देश को आर्थिक मजबूती मिलेगी। उदाहरण के लिए महत्वपूर्ण खनिजों के लिए आयात पर निर्भरता कम करके, भारत अपने कारोबार घाटे को कम कर सकता है और मुद्रा स्थिरता को सशक्त बना सकता है। इसके अलावा रीसायक्लिंग सिस्टम को मजबूत बनाने से, अन्य संबंधित क्षेत्रां जैसे लॉजिस्टिक्स, मैनुफैक्चरिंग, अनुसंधान एवं विकास को भी गति मिलेगी। इसके अलावा विश्वस्तरीय निवेशक भी निवेश के स्थायी एवं प्रत्यास्थ अवसरों की ओर आकर्षित होते हैं, ऐसे में रीसायक्लिंग उद्योग को मजबूत बनाने से देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ेगा। भारत सर्कुलर इकोनोमी एवं स्थायित्व के विश्वस्तरीय रूझानों को अपनाकर हरित निवेश को आकर्षित कर सकता है। घरेलू क्षमता का बढ़ाना एक अनुमान के अनुसार दुनिया भर में लिथियम-आयन बैटरी रीसायक्लिंग का मार्केट 21 फीसदी सीएजीआर की दर से बढ़कर 2030 तक 24 बिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंच जाएगा। भारत स्थानीय रीसायक्लिंग को बढ़ावा देकर इसमें बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर सकता है। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए नीति-निर्माताओं, इनोवेटर्स, शोध संस्थानों एवं उद्योग जगत के लीडरों को एक साथ मिलकर काम करना होगा। निम्नलिखत को मुख्य कार्यों में शामिल किया जाए: विनियामक ढांचे को मजबूत बनानाः भारत सरकार को मौजूदा विनियमों जैसे बैटरी अपशिष्ट प्रबन्धन नियम, को मजबूत बनाना होगा। बड़े पैमाने पर अनौपचारिक रीसायक्लिंग सेक्टर को औपचारिक बनाने की आवश्यकता है। अधिक विनियमित प्रणाली न सिर्फ रिकवरी रेट में सुधार लाएगी बल्कि दीर्घकालिक निवेश को भी आकर्षित करेगी। रीसायक्लिंग को प्रमुख उद्योग का दर्जा देनाः रीसायक्लिंग को अन्य उद्योगों जैसे मैनुफैक्चरिंग, या उर्जा के समकक्ष माना जाना चाहिए। ऐसा करने से भारत अपने घरेलु सर्कुलर इकोनोमी को तेज़ी से औपचारिक, मानकीकृत बना सकेंगे और इसका पैमाना बढ़ा सकेगा। सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ानाः इस सिस्टम का पैमाना बढ़ाने और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी एजेंसियों, निजी उद्यमों एवं शोध संस्थानों के बीच साझेदारी ज़रूरी है। टेक्नोलॉजी के अडॉप्शन को बढ़ानाः आर एण्ड डी को समर्थन देना और इसे आर्थिक प्रोत्साहन देना ज़रूरी है। रीसायक्लिंग की आधुनिक तकनीकों में निवेश कर भारत मटीरियल रिकवरी रेट को बढ़ा सकता है और संचालन की लागत को कम कर सकता है। इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार- आधुनिक रीसायक्लिंग सुविधाओं में निवेश ज़रूरी है। क्षेत्रीय रीसायक्लिंग हब, लॉजिस्टिक्स संबंधी मुश्किलों को हल कर सकते हैं और सुनिश्चित कर सकते हैं कि खत्म होने वाले बैटरियों को ठीक तरह से प्रोसेस किया जाए, जिससे आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। इस तरह के प्रयास देश के अपने रीसायक्लिंग सिस्टम में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और भारत के स्थायी बैटरी प्रबन्धन में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित कर सकते हैं।

**(लेखक संस्थापक एवं सीईओ, लोहम है)। यह लेखक के निजी विचार हैं।**

# ट्रंप का टैरिफ, पेनल्टी हमला और पाकिस्तान से तेल खरीदने की नसीहत- भारत को सटीक जवाब देने की जरूरत

(संतोष कुमार पाठक)

भारत सरकार ने ट्रंप के इस टैरिफ वॉर पर फिलहाल संतुलित प्रतिक्रिया ही दी है। भारत सरकार के वाणिज्?य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को बयान जारी कर कहा, सरकार ने द्विपक्षीय व्यापार के विषय पर अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान का संज्ञान लिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आखिरकार भारत पर टैरिफ और पेनल्टी अर्थात जुर्माने का हमला कर ही दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप यह भूल गए कि भारतीयों ने उनके देश के विकास में कितनी अहम और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ट्रंप ने भारत पर सिर्फ 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की ही घोषणा नहीं की है बल्कि भारत की लॉन्ग टर्म ट्रेड प्रैक्टिस और वैश्विक नीति पर सवाल उठाने की कोशिश की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत द्वारा रूस से हथियार और तेल खरीदने का जिक्र करते हुए भारत पर पेनल्टी के रूप में अतिरिक्त जुर्माना लगाने की भी घोषणा की है। भारत का ब्रिक्स संगठन का महत्वपूर्ण देश होना भी अमेरिका को खटक रहा है। भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश और भारतीयों के महत्व को किनारे करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर बताया कि यह टैरिफ एक अगस्त से लागू होगा। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा घोषित 25 प्रतिशत टैरिफ पहले घोषित 10 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त होगा या उसी में समाहित होगा। क्योंकि ट्रंप ने इससे पहले 2 अप्रैल को भारत सहित कई देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी थी,जिसे पहले 90 दिनों तक और फिर बाद में एक अगस्त तक के लिए टाल दिया गया था। ट्रंप ने टैरिफ का यह ऐलान एकतरफा तरीके से करके अपने इरादों को जाहिर कर दिया है। जबकि टैरिफ और व्यापारिक रिश्तों पर भारत और अमेरिका के अधिकारी पिछले कई महीनों से चर्चा कर रहे हैं और छठे दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी दल के 25 अगस्त को भारत आने का कार्यक्रम पहले ही तय हो चुका है। भारत सरकार ने ट्रंप के इस टैरिफ वॉर पर फिलहाल संतुलित प्रतिक्रिया ही दी है। भारत सरकार के वाणिज्?य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को बयान जारी कर कहा, सरकार ने द्विपक्षीय व्यापार के विषय पर अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान का संज्ञान लिया है। सरकार इसके संभावित प्रभावों का अध्ययन कर रही है। भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। हम इस उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत के बयान में आगे कहा गया है, सरकार भारत के किसानों, उद्यमियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के कल्याण और हितों को सर्वोच्च महत्व देती है। राष्ट्रहित में सरकार सभी आवश्यक कदम उठाएगी, जैसा कि हाल ही में ब्रिटेन के साथ हुए समझौते सहित अन्य व्यापार समझौतों में किया गया है। भारत की इस संतुलित प्रतिक्रिया को कूटनीतिक और वैश्विक रिश्तों के लिहाज से भले ही महत्वपूर्ण माना जा रहा हो लेकिन ट्रंप के रुख को देखते हुए भारत पर उसी भाषा में जवाब देने का दबाव भी बढ़ता ही जा रहा है। क्योंकि भारत पर टैरिफ और जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ मिलकर तेल के एक बड़े भंडार को विकसित करने की भी घोषणा कर दी है। इतना ही नहीं ट्रंप ने इशारों-इशारों में यह कहने की भी कोशिश की है कि आने वाले समय में भारत पाकिस्तान से तेल खरीद सकता है। वर्ष 2030 तक भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक ले जाने के लिए हो रही बातचीत के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति के ये दोनों ऐलान काफी चौंकाने वाले हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-5811

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | | | 6 | 4 | | |
| | | 6 | | 9 | | 8 | | 7 |
| 5 | | | | | | | | |
| 2 | 6 | 9 | 5 | | | | 8 | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | 8 | | | | 2 | 7 | 9 | 1 |
| | | | | | | | | 5 |
| 6 | | 4 | | 7 | | 2 | | |
| | | 1 | 2 | | | 9 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5810

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 5811




**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 2000 में भारत के इस तत्कालीन प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र शांति शिखर सम्मेलन के दौरान हिंदी में भाषण देते हुए पाकिस्तान को लताड़ा (6)
6. राजमुकुट, शिखा (2)
7. पति-पत्नी का कानूनन संबंध विच्छेद (3)
8. छोटा, निसार, तीर प्रकार के प्राणयमों में से एक (2)
9. गले के नीचे पेट में उतारना, निगलना (3)
10. हिंदी के बारह महिनों में से एक (2)
11. एक श्लोक का चतुर्थांश, योग्यतानुसार दिया गया दर्जा या पदवी (2)
13. अनुकंपा, दया, मेहरबानी (4)
16. जीना, सीढी (3)
18. राजा के लिए प्रयुक्त शब्द (3)
19. पार्वती, लक्ष्मी (2)
21. घृणा, घिन्न (4)
22. तड़क-भड़क, ठाट-बाट (2)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. न्यायालय, कचहरी (4)
2. कोमलकांड, सुंदरस्त्री, सुप्रसिद्ध स्वर साम्राज्ञी (सिर्फ आरंभिक नाम )(2)
3. वह स्थान जहां से प्रत्येक घर बिजली पहुंचाई जाती है (5)
4. खाली होना, रिक्त होना (3)
5. उद्देश्य, प्रयोजन (4)
11. अवनति, अवनमन, धाराशायिता (3)
12. एक राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (2)
14. हल्का बुखार, ज्वर अनुभूति, आवेश (4)
15. कोई करतब आदि देखने के लिए एकत्रित जनसमूह, अव्यवस्थित जन समूह (3)
16. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय जो देव-दानवों दोनों को प्रिय था (2)
17. इराक का एक शहर जहां सुन्नियों के चौथे खलीफा याने शिया इस्लाम के पहले इमाम अली की मजार है (3)
20. यह यूरोपीय संघ का एक सदस्य राष्ट्र है जिसकी राजधानी मेड्रिड है (2)

### वर्ग पहेली 5810 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | य | ना | | ता | इ | वा | न |
| दे | | शा | र | दा | | क | र |
| श | ह | द | | द | म | | गि |
| नी | ल | | त | | वा | प | स |
| ति | क | ड़ | मी | | सी | र | |
| | | | अ | स्ता | | वा | मा |
| वा | म | न | | व | अ | न | |
| दा | म | न | | क | ल | श्री | |

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन शुभ रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कामकाज अच्छा चलेगा और लाभ कमाने के भी कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। दोपहर के समय आपको कोई सकारात्मक समाचार सुनने को मिलेगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। परिवार के साथ भी समय अच्छा व्यतीत होगा। लेकिन आपको अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा। रात में किसी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं, जिससे सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

### वृष

आज कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जिससे मानसिक तनाव भी बढ़ेगा। लेकिन आप अपने मधुर व्यवहार और वाणी से माहौल को सामान्य बनाने में सफलता भी प्राप्त करेंगे। दूसरों की मदद के लिए भी आप हमेशा के प्रकार आगे आना पसंद करेंगे। नौकरी करने वालों पर काम का प्रेशर बढ़ सकता है। पारिवारिक मामले में जीवनसाथी के सेहत पर ध्यान देने की जरूरत पड़ सकती है।

### मिथुन

आज पिता और कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से किसी बहुमूल्य वस्तु या संपत्ति को प्राप्त करने की इच्छा पूरी हो सकती है। इसी के चलते पूरे दिन मन भी प्रसन्न रहेगा। कामकाज में आप ज्यादा व्यस्त रहेंगे लेकिन अनावश्यक चीजों पर खर्च करने से बचना होगा। कोई भी वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।

### तुला

आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और व्यापार के मामले में अचानक से बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति हो सकती है। इसकी मदद से धन की कमी दूर होगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होती जाएगी। व्यवसाय में बनने वाली योजनाओं को भी अब गति मिलेगा और समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। लेकिन कार्यक्षेत्र में आपको जल्दबाजी या भावनाओं में आकर फैसला लेने से बचना होगा।

### वृश्चिक

आज आपको शिक्षा या किसी प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त हो सकती है। नौकरी करने वालों के लिए आय के नए स्रोत बनेंगे। आपके व्यवहार और बातचीत करने के तरीके से समाज में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। कामकाज के सिलसिले में ज्यादा भागदौड़ करने के चलते आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव आ सकता है। आपको जीवनसाथी का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

### धनु

आज अपनी मेहनत और लगन से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है। लेकिन अगर आपके आसपास विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होती है तो ऐसे में अपने क्रोध पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। अन्यथा बात ज्यादा बढ़ सकती है। शाम के समय आपको अचानक से धन लाभ हो सकता है। घर में चल रही परेशानियां भी अब दूर हो सकती हैं।

### कर्क

आज खर्चों में वृद्धि हो सकती है और जीवनसाथी को अचानक शरीर से जुड़ी समस्या हो सकती है। इसी के चलते आपका ज्यादा समय भागदौड़ में भी निकल सकता है। किसी भी प्रकार के संपत्ति के क्रय विक्रय के मामले में आपको सावधानी बरतनी होगी। जल्दबाजी में निर्णय लेने से बड़ा नुकसान हो सकता है। हालांकि, शाम के समय तक स्थिति बेहतर होने लगेंगी।

### सिंह

आज कामकाज के सिलसिले में आप किसी दूर या पास की यात्रा पर भी जा सकते हैं। इस राशि के जातकों को मानसिक तनाव से छुटकारा मिलेगा। शाम के समय किसी स्थान पर जाने के दौरान आपको कोई जरूरी जानकारी प्राप्त हो सकती है। माता-पिता की सलाह और आशीर्वाद लाभदायक सिद्ध होगी। वैवाहिक जीवन में खुशियां आएंगी। ऐसे में अपने खानपान पर विशेष ध्यान जरूर दें।

### कन्या

आज राजनीतिक क्षेत्र में अपने अपेक्षा से भी कई ज्यादा सफलता प्राप्त हो सकती है। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में सफलता के मार्ग खुलते जाएंगे, जिससे मानसिक तनाव कम होगा और मन प्रसन्न रहेगा। अगर कार्यस्थल पर कोई काम रुका हुआ था तो वह अब पूरा हो सकता है। पाचन से जुड़ी समस्या हो सकती है।

### मकर

आज आर्थिक मामलों में दिन अच्छा रहने वाला है। आपको लाभ कमाने के कई अवसर प्राप्त होंगे। इससे धन, सम्मान, यश, कीर्ति में भी वृद्धि होगी। अगर कार्यस्थल पर कोई काम रुका हुआ था तो अब वह पूरा हो सकता है और आपकी मुलाकात अपने प्रियजनों से भी हो सकती है। लेकिन कुछ परिस्थितियों में आपको वाणी पर संयम रखना होगा, अन्यथा विवाद हो सकता है। आपकी मुलाकात किसी प्रिय और महान व्यक्ति से हो सकती है।

### कुंभ

आज सांसारिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी और आप अपने घर की जरूरत का सामान खरीदने पर भी धन खर्च कर सकते हैं। कार्यस्थल पर किसी अधीनस्थ कर्मचारी या संबंधी के कारण तनाव बढ़ने की संभावना है। ऐसे में कोई जल्दबाजी में कोई फैसला न लें। साथ ही, पैसों के मामले में भी सावधानी बरतें, अन्यथा आपका धन कहीं अटक सकता है। अगर किसी कानूनी मामले में फंसे हैं तो अब सफलता प्राप्त हो सकती है।

### मीन

आज व्यापार के मामले में समय अनुकूल रहेगा, जिससे आपको अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है। आर्थिक मामलों में भी दिन अच्छा रहेगा और पहले की अपेक्षा अब आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो जाएगी। व्यवसाय में परिवर्तन की योजना बना सकते हैं और प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने की संभावना बनी हुई है। लेकिन वाहन चलाते समय आपको सावधानी बरतनी होगी।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी जोरों पर, अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय — कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

## 15 अगस्त, रजत जयंती और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर सख्त दिए आवश्यक निर्देश

**बेमेतरा, ( गंगा प्रकाश )** स्वतंत्रता दिवस 2025 को गरिमामयी, प्रेरणादायक और सुव्यवस्थित ढंग से मनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 15 अगस्त की सभी तैयारियों, रजत जयंती वर्ष आयोजन, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और प्रशासनिक दायित्वों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस के पूर्व एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम को प्रभावशाली और जनभागीदारी से भरपूर बनाया जाए, ताकि नागरिकों विशेषकर युवाओं में देशभक्ति की भावना प्रबल हो। 13 अगस्त को अंतिम रिहर्सल एवं 14 अगस्त को सांस्कृतिक और देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 14 और 15 अगस्त की रात सभी शासकीय कार्यालयों में प्रकाश की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**हर घर तिरंगा और रजत जयंती वर्ष कार्यक्रमों के तैयारियों की गहन समीक्षा**- छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 15 अगस्त 2025 से 6 फरवरी 2026 तक प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। यह आयोजन दो चरणों में होगा ङ्क पहला चरण 15 अगस्त से 31 अक्टूबर तक और दूसरा 1 नवम्बर से 6 फरवरी 2026 तक। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे साप्ताहिक कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार करें और उनमें जनसहभागिता व लोकहित की गतिविधियों को प्रमुखता दें। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान को उत्साहपूर्वक, व्यापक स्तर पर और सामाजिक समरसता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। स्कूलों, पंचायतों, नगरीय निकायों, और सरकारी संस्थानों में झंडावंदन के साथ रैलियों और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया।

**सुशासन तिहार के आवेदनो, योजनाओं और पंजीयन की प्रगति पर विशेष ध्यान**- बैठक में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत पात्र कृषकों को समय पर लाभ पहुंचाने और कृषक पंजीयन में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु कृषि विभाग को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। पीएम मातृत्व वंदना योजना और वय वंदन योजना की भी विस्तार से समीक्षा करते हुए हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ वितरण के निर्देश दिए गए।

**वृक्षारोपण और स्वच्छता पर विशेष जोर**- कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में 9 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक वृक्षारोपण अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यालय, विद्यालय, पंचायत भवन एवं सार्वजनिक स्थल में अधिकाधिक पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जाए। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, और सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने नियमित निरीक्षण और त्वरित कार्रवाई को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि मिशन के लक्ष्यों को समयसीमा में पूरा किया जा सके।

**दैनिक कार्यालय अनुशासन और निरीक्षण में सख्ती**- कलेक्टर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें। साथ ही, विद्यालयों, छात्रावासों, स्वास्थ्य केंद्रों, उचित मूल्य दुकानों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। अनुपस्थित या लापरवाह पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

**घूमंतु पशुओं पर नियंत्रण के निर्देश ङ्क दुर्घटनाओं से बचाव को प्राथमिकता**- सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं की वजह से आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए कलेक्टर ने नगरीय निकाय एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों को पशु-मुक्त किया जाए। सभी आवारा पशुओं को निर्धारित स्थलों पर ले जाकर उनकी निगरानी की समुचित व्यवस्था की जाए।

**ई-ऑफिस और भवन मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश**- ई-ऑफिस प्रणाली की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी अधूरे लॉगिन आईडी एवं तकनीकी मुद्दों को तत्काल सुलझाने को कहा। साथ ही, पुराने एवं जर्जर शासकीय भवनों की मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, लोक सेवा गारंटी, राजस्व प्रकरणों, पीएम आवास, नक्शा-बटांकन, त्रुटि सुधार, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायतों के प्रकरण की भी गहन समीक्षा की । संबंधित विभागों को लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए गए। विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी लंबित और अधूरे आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवास पूर्ण नहीं होने या शिकायतों के समाधान में देरी होने पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओं सुश्री प्रेमलता मंडावी, एडीएम श्री अनिल वाजपेयी, अपर कलेक्टर श्री प्रकाश भारद्वाज, सभी एसडीएम, जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने समापन में कहा कि जनहित, अनुशासन और सुशासन ही जिले की प्राथमिकता है, जिसे हर अधिकारी-कर्मचारी को पूरी निष्ठा से निभाना होगा।

# जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 29 आवेदन प्राप्त हुए



**बेमेतरा ( गंगा प्रकाश )** कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा की उपस्थिति में आज मंगलवार को समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 29 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से वार्ड नं. 15 व 17 के समस्त मोहल्ला वासी ने वार्ड नं. 17 गौरव पथ-नवीन बाजार से सिंघौरी मार्ग की नाली सफाई कराने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नवागढ़ वार्ड नं. 13 लालबंद पारा निवासी खेलनदास कुर्रे ने अपनी पत्नी के मृत्यु उपरांत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र हेतु संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम अमोरा निवासी रानीबाई ने आमगली को अतिक्रमण करने से बेदखल करने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम चोरभट्ठी के समस्त ग्रामवासी ने गांव के कोटवार को हटाकर दूसरा कोटवार नियुक्ति किये जाने के संबंध मे आवेदन दिया, तहसील बेरला ग्राम मनियारी निवासी रविन्द्र भास्कर चौबे ने रोजगार सहायक एवं पंचायत द्वारा कार्यवाही में नही लिये जाने की शिकायत के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धा पेंशन हेतु दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर सी.ई.ओ जिला पंचायत प्रेमलता मंडावी, एडीएम अनिल वाजपेयी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# खाद्य सुरक्षा को लेकर चलाया जा रहा 'बने खाबो - बने रहिबो' जागरूकता अभियान






**कोण्डागांव, 05 अगस्त 2025/** राज्य शासन के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु के दौरान खाद्य जनित बीमारियों एवं संक्रमण की रोकथाम के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ द्वारा 'बने खाबो - बने रहिबो' नाम से विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आम जनता को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामाग्री उपलब्ध कराना और उनमें जागरूकता फैलाना है। यह अभियान राज्य के समस्त जिलों में 04 अगस्त से 06 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले के स्ट्रीट फूड वेडर्स, होटल, रेस्टोरेंट एवं अन्य प्रतिष्ठानों का सघन जांच किया जा रहा है। इस दौरान चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से मौके पर ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। इसके साथ ही दुकानदारों और आम लोगों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के नियमों, अखबारी कागज के उपयोग से होने वाले नुकसान, बासी खाद्य सामाग्री का उपयोग न करने, पीने के पानी की जांच, एक ही तेल को बार बार गर्म कर उपयोग करने से होने वाले नुकसाल, फूड हैंडलर्स की स्वच्छता का महत्व आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा। इस अभियान के तहत कोण्डागांव में सोमवार होटल, मिठाई दुकान और स्ट्रीट फूड वेंडर्स के 14 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और 54 खाद्य सामाग्रियों की मौके पर जांच की गई। इसके अलावा मारवाड़ी भोजनालय से राहर दाल और गुलाबी चना का नमूना लिया गया। इसी प्रकार सुनीता होटल से पेड़ा और बेसन लड्डू का नमूना लिया गया तथा न्यू संजय स्वीट्स से खोवा का नमूना लिया गया, जिन्हें गुणवत्ता जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। खाद्य कारोबारकर्ताओं और आम लोगों को वर्षा ऋतु के समय खाद्य की सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई और त्यौहार के पहले विशेष सावधानी बरतने के लिए निर्देशित किया गया।

## खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन, परिवहन पर की गई कार्यवाही 03 जेसीबी एवं 01 हाईवा जब्त

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल खनिज विभाग के द्वारा जिले के ग्राम भादा, नवापारा, केवा तथा बम्हनीडीह क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक निरीक्षण किया गया। खनि. अधिकारी अनिल कुमार साहू ने बताया कि ग्राम नवापारा स्थित हसदेव नदी से 03 जेसीबी द्वारा खनिज रेत का उत्खनन करते पाये जाने पर अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज कर जप्त कर कलेक्टोरेट परिसर जॉजगीर में रखा गया है।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना बनी मददगार

प्रधानमंत्री किसान निधि से मिली राहत, मानसिंह ने कहा- यह योजना वरदान है



**बेमेतरा ( गंगा प्रकाश )** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों को कैसे आर्थिक संबल और आत्मनिर्भरता मिल रही है, इसका एक जीवंत उदाहरण हैं बेमेतरा जिले के ग्राम मंजगांव निवासी श्री मानसिंह आनंद। मात्र 0.71 हेक्टेयर भूमि के मालिक श्री मानसिंह ने इस योजना के अंतर्गत 10 जून 2019 को पंजीयन कराया था, जिसका पंजीयन क्रमांक CG21997748 है। पंजीयन के पश्चात उन्हें लगातार 19 किस्तों की राशि उनके बैंक खाते में प्राप्त हो चुकी है। चूंकि पंजीयन अन्य किसानों की तुलना में एक किस्त बाद हुआ था, इसलिए उन्हें 19 किस्तें प्राप्त हुईं, जबकि अन्य किसानों को 20 किस्तें प्राप्त हो चुकी हैं।

श्री मानसिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई यह योजना उनके जैसे सीमांत किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना से प्राप्त राशि का उपयोग वे कृषि कार्यों के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा में भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह सहायता समय पर मिलने से उन्हें उर्वरक, बीज, और अन्य कृषि संसाधनों की खरीदी में सहूलियत मिली है, जिससे खेती करना आसान और लाभदायक हुआ है। श्री मानसिंह ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना किसानों के लिए एक आर्थिक सुरक्षा कवच की तरह है और इससे किसानों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरणा मिल रही है। यह कहानी न सिर्फ बेमेतरा बल्कि प्रदेश के सभी किसानों के लिए प्रेरणा है कि यदि सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और ईमानदारी से लिया जाए तो छोटी जोत वाले किसान भी आत्मनिर्भर और सफल हो सकते हैं।

## अमरकंटक में आस्था और विश्वास का विशाल संगम, विधायक भावना बोहरा द्वारा काँवड़ यात्रियों की सेवा के चौथे वर्ष 30000 से अधिक कांवड़ियों और शिवभक्तों के लिए की गई निःशुल्क भोजन एवं विश्राम की व्यवस्था

**कवर्धा।** सावन माह में कबीरधाम जिले से अमरकंटक जाने वाले कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा हेतु निरंतर चौथे वर्ष भी भावना बोहरा द्वारा 11 जुलाई से 6 अगस्त तक उनके ठहरने एवं भोजन हेतु निःशुल्क व्यवस्था की गई थी। इस दौरान लगभग 30,000 कांवड़ यात्रियों एवं शिवभक्तों का मेला मैदान, नया पालिका परिसर, अमरकंटक में आगमन हुआ जहाँ संस्थान के सदस्यों द्वारा उनका स्वागत कर सेवा की गई। परिसर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में कबीरधाम जिले से कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं का आगमन जारी रहा वहीं संध्या आरती में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तजनों ने शामिल होकर शिवजी की आराधना कर भोजन एवं प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भक्तिमय भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि सावन माह के अवसर पर कबीरधाम जिले से अमरकंटक जाने वाले शिव भक्तों और कांवड़ यात्रियों के कठिन यात्रा में पुण्य का भागीदार बनने का हमें एक सौभाग्यशाली अवसर प्राप्त हुआ। भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्यगण भी 11 जुलाई से 6 अगस्त तक उनकी सेवा में दिन-रात अनवरत जुटे हुए थे ताकि उन्हें किसी भी प्रकास की कोई असुविधा न हो। मेला मैदान, नया पालिका परिसर,अमरकंटक में कबीरधाम जिले के कांवड़ यात्रियों के कठिन यात्रा के बाद विश्राम हेतु उनके ठहरने व भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई थी जहां प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं एवं कांवड़ यात्रियों का आगमन हो रहा है साथ हर वर्ष शिवभक्तों की बढ़ती संख्या हमारे प्रयासों एवं मन को संतुष्टि व प्रसन्न करने वाली है। इस वर्ष लगभग 30000 हजार से अधिक की संख्या में श्रद्धालुओं व कांवड़ियों का आगमन हुआ और उनकी सेवा करने का अवसर मिलना हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है। इस दौरान हमारे इस प्रयास में भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्यों, कबीरधाम जिले के वरिष्ठजनों, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से समाज सेवकों व पूरे कबीरधाम जिले की जनता ने अपना भरपूर सहयोग, आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन हमें दिया और उनके इसी अपार स्नेहरूपी आशीर्वाद से हमें यह कार्य करने का अवसर मिला जिसके लिए मैं सभी का आभार व्यक्त करती हूँ। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि हमारे इस प्रयास से उनके चेहरों पर आई खुशी और कठिन यात्रा के बाद उन्हें सुविधा मिली उसे देखकर बहुत ही प्रसन्नता हुई है। मैं कबीरधाम जिले से पधारे समस्त कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत करती हूँ और आभार भी व्यक्त करती हूँ की हमें इस पुण्य का भागीदार बनने का अवसर प्रदान किया। हमारी धार्मिक सभ्यता के प्रसार एवं उसे संजोने में आप सभी का यह अतुलनीय योगदान हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा इसके साथ ही सनातन धर्म, संस्कृति उसकी गौरवशाली महिमा को भी पोषित तथा संरक्षित करने का कार्य करेगा।

### नवागढ़ ब्लॉक के टेमरी गांव में चल रहा राजमिस्त्री प्रशिक्षण

# सपनों का घर बनाने का हुनर सिखा रहा एसबीआई आरसेटी



**बेमेतरा,( गंगाप्रकाश )** ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला बेमेतरा के नवागढ़ ब्लॉक स्थित राज्यपाल श्री रमेन डेका के गोदग्राम टेमरी में 15 जुलाई से 13 अगस्त 2025 तक राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण एसबीआई आरसेटी बेमेतरा (रूरल सेल्फ एम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट ) के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के तहत प्रतिभागियों को राजमिस्त्री का व्यावसायिक कौशल सिखाने के साथ-साथ बैंकिंग ज्ञान और उद्यमिता विकास की भी जानकारी दी जा रही है, जिससे वे भविष्य में स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो सकें।

**आरसेटी की जिले में शुरुआत**- नए जिले के गठन के पश्चात इस वित्तीय वर्ष से ग्रामीण विकास मंत्रालय की पहल पर एसबीआई आरसेटी बेमेतरा की शुरुआत की गई है। यह संस्थान फिलहाल सिमगा रोड स्थित ग्राम चोरभट्ठी के लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में अस्थायी रूप से संचालित किया जा रहा है। यहां 18 से 45 वर्ष के बीच के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाता है।

**70 से अधिक ट्रेड में प्रशिक्षण उपलब्ध**- आरसेटी के तहत लगभग 70 अलग-अलग विषयों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिनमें ब्यूटी पार्लर संचालन, महिला एवं पुरुष सिलाई, मोबाइल व मोटरसाइकिल रिपेयरिंग, एसी-फ्रिज मरम्मत, सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉलेशन, अगरबत्ती, मोमबत्ती, आचार, बड़ी-पापड़ निर्माण, मछली पालन, बकरी पालन, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन आदि प्रमुख हैं । इस संस्थान का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना तथा बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

**पीएम आवास योजना में मिलेगा कुशल राजमिस्त्रियों का योगदान**- जिला पंचायत के सहयोग से संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से गांव के युवाओं को निर्माण कार्य का व्यावहारिक ज्ञान मिल रहा है। इससे वे भविष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में कुशल राजमिस्त्री के रूप में अपना योगदान दे सकेंगे। साथ ही यह पहल स्वाभिमान के साथ स्वावलंबन की ओर एक मजबूत कदम साबित होगी। इस प्रकार न केवल तकनीकी दक्षता बढ़ा रहा है, बल्कि गांवों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं मतदान केन्द्र युक्तियुक्तकरण को लेकर 6 अगस्त को होगी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक

**बेमेतरा, 05 ( गंगाप्रकाश )** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशों के तहत फेटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस प्रक्रिया से पहले 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाना अनिवार्य है। इसी क्रम में 06 अगस्त 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई है। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तथा मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण पर चर्चा की जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं सहयोग सुनिश्चित करने हेतु सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि को बैठक में भेजकर सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक मे निर्वाचन से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों में राजनीतिक दलों की सहभागिता एवं सहमति सुनिश्चित की जाएगी।

# पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जीती लगातार सातवीं टी20 सीरीज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। इस टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ फ्लोरिडा में सोमवार को खेले गए तीसरे टी20 मैच को 13 रन से अपने नाम किया। पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को लगातार सातवीं बार टी20 सीरीज में मात दी है। पाकिस्तान ने साल 2011 में वेस्टइंडीज का दौरा किया, जिसमें मेहमान टीम इकलौते टी20 मैच को गंवा बैठी। इसके बाद साल 2013 में पाकिस्तान ने इस टीम के विरुद्ध सीरीज के दोनों मैच अपने नाम किए। 2016/17 में पाकिस्तान ने तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया, जबकि साल 2017 में सीरीज 3-1 से अपने नाम की। पाकिस्तान की टीम ने साल 2018 में वेस्टइंडीज के विरुद्ध एक बार फिर 3-0 से क्लीन स्वीप किया। साल 2021 में टी20 सीरीज चार मुकाबलों की थी, लेकिन सीरीज के तीन मुकाबले बेनतीजा रहे। शेष इकलौते मैच को पाकिस्तान ने सात रन से अपने नाम कर सीरीज 1-0 से जीती। 2021/22 में पाकिस्तान ने अपनी सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से क्लीन स्वीप किया। इसके बाद अमेरिका में उसने पाकिस्तान को 2-1 से हराकर लगातार सातवीं टी20 सीरीज जीत ली है। फ्लोरिडा में चार अगस्त को खेले गए मुकाबले की बात करें, तो पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए चार विकेट खोकर 189 रन बनाए। साहिबजादा फरहान और सईम अयूब ने पहले विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी की। फरहान 53 गेंदों में पांच छक्कों और तीन चौकों की मदद से 74 रन बनाकर आउट हुए, जबकि सईम अयूब ने 49 गेंदों में दो छक्कों और चार चौकों के साथ 66 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम की ओर से जेसन होल्डर, रोस्टन चेज और शमर जोसेफ ने 1-1 विकेट अपने नाम किया। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित ओवरों में छह विकेट खोकर 176 रन ही बना सकी। टीम के लिए एलिक एथनाज ने 40 गेंदों में 60 रन की पारी खेली, जबकि शेरफन रदफोर्ड ने 35 गेंदों में 51 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। पाकिस्तान के लिए हसन अली, मोहम्मद नवाज, हारिस रऊफ, सईम अयूब और सुफियान मुकीम ने एक-एक शिकार किया।

# विश्व चैंपियनशिप ट्रायल्स में अंतिम पंघाल आसानी से जीतीं, वैष्णवी और मनीषा भी भारतीय टीम में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतिम ने रविवार को आईजी स्टेडियम में हुए ट्रायल्स के दौरान अपनी रणनीति के साथ आक्रामक रुख अपनाया। पूजा के खिलाफ उनकी रणनीति कारगर रही। अंतिम ने पहले ही मौके पर 'फितले' का इस्तेमाल किया। महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने रविवार को विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल्स में 53 किग्रा भार वर्ग में बिना किसी परेशानी के भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली जबकि वैष्णवी पाटिल (65 किग्रा) और मनीषा भानवाला (62 किग्रा) ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ क्वालिफाई किया।

अंतिम 20 साल की उम्र में सीनियर विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश की पूजा और गुजरात की हिनाबेन को बिना एक भी अंक गंवाए हराया और विजेता बनीं। अंतिम ने 2022 में देश की पहली अंडर-20 विश्व चैंपियन बनकर सुर्खियां बटोरी थीं और 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई किया था। लेकिन वह ओलंपिक में विवादों में घिर गई थीं। पेरिस में मैट में उनका प्रदर्शन फीका रहा और उन्होंने अपनी बहन को अपने मान्यता कार्ड पर खेल गांव भेजकर बड़ा विवाद भी खड़ा कर दिया था। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने अनुशासनात्मक कार्रवाई पर विचार किया लेकिन ऐसा नहीं किया।



# जसप्रीत बुमराह को लगी एक और चोट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ओवल टेस्ट में नहीं खेले और इसकी वजह अब सामने आई है. ऐसा माना जा रहा था कि बुमराह को आराम दिया गया है लेकिन रिपोर्ट्स हैं कि वो चोटिल हो गए हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक जसप्रीत बुमराह को इस बार घुटने में चोट लगी है. बता दें 31 जुलाई को जब ओवल टेस्ट का आगाज हुआ था उसी दिन बुमराह को टीम इंडिया से रिलीज कर दिया गया था. बीसीसीआई ने प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी थी. लेकिन अब उन्हें रिलीज करने की वजह सामने आ गई है.

## बुमराह को लगी चोट गंभीर?

रिपोर्ट के मुताबिक जसप्रीत बुमराह को घुटने में चोट लगी. अच्छी बात ये है कि बुमराह की चोट ज्यादा गंभीर नहीं है और उसकी सर्जरी नहीं होगी. हालांकि बुमराह के घुटने का स्कैन कराया गया है और बीसीसीआई की मेडिकल टीम को उनकी स्कैन रिपोर्ट्स का इंतजार है. ऐसी खबर है कि 31 साल का ये गेंदबाज बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिकवरी के लिए जाएगा. वहां उनपर काम किया जाएगा ताकि वो भविष्य में होने वाले मैचों के लिए फिट हो सकें. हालांकि ऐसी खबरें भी हैं कि बुमराह एशिया कप नहीं खेलेंगे. एहतियातन उन्हें आराम दिया जाएगा.

## बुमराह के लिए इंग्लैंड दौर अच्छा नहीं रहा

जसप्रीत बुमराह के लिए इंग्लैंड का दौरा औसत रहा. ये खिलाड़ी सीरीज में 3 टेस्ट मैच खेला जिसमें उन्होंने 14 विकेट हासिल किए. बड़ी बात ये है कि बुमराह ने दो टेस्ट मैचों में पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा किया लेकिन इसके बावजूद वो 14 ही विकेट हासिल कर सके.

# ओवल टेस्ट जीता भारत सीरीज 2-2 से बराबर



**लंदन, एजेंसी।** भारत ने द ओवल टेस्ट के आखिरी दिन 4 विकेट लेकर 6 रन से मैच जीत लिया। इसी के साथ टीम ने 5 मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी भी 2-2 से बराबर करा ली। मोहम्मद सिराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लेकर मैच पलटा और टीम को रोमांचक जीत दिलाई। सोमवार को मुकाबले के आखिरी दिन इंग्लैंड को 35 रन बनाने थे और 4 विकेट बाकी थे। मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट लेकर जीत भारत की झोली में डाल रही। द ओवल में गुरुवार को इंग्लैंड ने बॉलिंग चुनी। पहली पारी में भारत ने 224 और इंग्लैंड ने 247 रन बनाए। 23 रन से पिछड़ने के बाद भारत ने दूसरी पारी में 396 रन बना दिए। इंग्लैंड को 374 रन का टारगेट मिला। टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 300 रन बना दिए थे। तभी हैरी ब्रूक सेंचुरी लगाकर आउट हो गए।

यहां से भारत ने 354 तक इंग्लैंड के 8 विकेट गिरा दिए। गस एटकिंसन और जोश टंग ने आखिर में टीम को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन सिराज ने आखिरी विकेट लेकर भारत को करीबी जीत दिला दी। इंजर्ड क्रिस वोक्स भी लेफ्ट हैंड से बैटिंग करने उतरे, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

कैनेडियन ओपनः

# क्वार्टरफाइनल में पहुंचे बेन शेल्टन, डी मिनौर से होगा सामना

**टोरंटो, एजेंसी।** बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन के राउंड ऑफ 16 में फ्लावियो कोबोली को 6-4, 4-6, 7-6(1) से हराकर अपने टूर-स्तरीय करियर की 100वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ उन्होंने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब अगले दौर में शेल्टन का सामना ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय एलेक्स डी मिनौर से होगा, जिन्होंने अमेरिका के सातवें वरीय फ्रांसेस टियाफो को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। अपने टूर-स्तर के करियर में अब 100-69 का रिकॉर्ड रखते हुए, शेल्टन 21वीं सदी में जन्मे आठवें और 100 जीत का आंकड़ा छूने वाले नौवें सक्रिय अमेरिकी खिलाड़ी हैं। शेल्टन लगातार तीसरे टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह विंबलडन में क्वार्टर फाइनल और पिछले हफ्ते वॉशिंगटन डीसी में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। एटीपी स्टैट्स के मुताबिक, इस साल हार्ड कोर्ट पर उनका रिकॉर्ड 16-7 का है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल तक का सफर भी है। पहले सेट में अपनी धाक जमाने के बाद, शेल्टन को दूसरे और तीसरे सेट में परेशानी का सामना करना पड़ा। इटैलियन खिलाड़ी ने अपनी सर्विस का अच्छा बचाव करते हुए अमेरिकी खिलाड़ी की मजबूत सर्विस पर दबाव बनाया। कोबोली ने दूसरा सेट जीतने के बाद तीसरे सेट में 5-4 की बढ़त पर मैच के लिए सर्विस की, लेकिन वहीं से चौथे वरीय शेल्टन ने जबरदस्त वापसी की। उन्होंने 12वें गेम में मैच के लिए एक और ब्रेक का मौका बनाया। इसके बाद टाईब्रेक में कोबोली के सभी सर्विस प्वाइंट जीत लिए। जीत के बाद शेल्टन ने कहा, मुझे लगता है कि मैच के अंत में मैंने रैली करने और रिटर्न को कोर्ट में लाने का अच्छा काम किया। मैं अपनी दो सबसे बड़ी ताकत, सर्विस और फर्स्ट-बॉल फोरहैंड के साथ जूझ रहा था, लेकिन आखिर में जीत हासिल करना मेरी मानसिक दृढ़ता और ऐसे पल में लड़ने की क्षमता को



## Durand Cup 2025:

# नामधारी एफसी का विजय अभियान जारी, भारतीय वायुसेना को 4-2 से हराया

**कोलकाता, एजेंसी।** नामधारी एफसी ने 134वें डूरंड कप फुटबाल में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए भारतीय वायुसेना को 4-2 से हरा दिया। टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गई है। नामधारी एफसी ने 134वें डूरंड कप फुटबाल में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए भारतीय वायुसेना को 4-2 से हरा दिया। टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गई है। विवेकानंद युबा भारती क्रीड़ागन में पहला गोल वायुसेना की ओर से सैमुअल ने 7वें मिनट में किया। उसके बाद नामधारी के लिए क्लेडसन (पेनाल्टी, 37वां मिनट), अमनदीप (45वां मिनट) औ दूसरे हाफ में धर्मप्रीत (60) और स्थानापन्न सेलिंगथांग (74 वां मिनट) ने नामधारी को 4-1 से आगे कर दिया। वायुसेना के लिए दूसरा गोल संकित ने 78वें मिनट में किया लेकिन यह गोल टीम की वापसी नहीं करा सका।




# इंटर मियामी के कप्तान लियोनेल मेसी चोटिल

- अनिश्चित समय के लिए मैदान से बाहर हुए; नेक्शाका के खिलाफ मैच में चोट लगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटर मियामी के कप्तान लियोनल मेसी को दाहिने पैर की मांसपेशियों में चोट लगने के कारण अनिश्चित समय के लिए मैदान से बाहर हो गए हैं। क्लब ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए इस बात की पुष्टि की है। यह चोट मेसी को शनिवार को मेक्सिको की टीम नेक्शाका के खिलाफ लीग्स कप मैच के दौरान लगी। मेसी की चोट के बावजूद, इंटर मियामी ने नेक्शाका के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीत हासिल की। मेडिकल रिपोर्ट में मांसपेशियों में हल्की चोट की पुष्टि मेसी को केवल 11वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा। हालांकि वे खुद अपने पैरों पर चलकर लॉकर रूम तक गए, लेकिन चोट की गंभीरता को देखते हुए उनका मेडिकल परीक्षण किया गया। इंटर मियामी के बयान के अनुसार,रिपोर्ट में मेसी के दाहिने पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट की पुष्टि हुई है। उन्हें खेलने की अनुमति उनकी मेडिकल स्थिति और उपचार पर प्रतिक्रिया के आधार पर दी जाएगी। मेसी MLS 2025 के टॉप गोल स्कोरर मेसी इस सीजन में इंटर मियामी के लिए 18 मैचों में 18 गोल और 9 असिस्ट कर चुके हैं।

वह MLS (मेजर लीग शॉकर ) के टॉप स्कोरर की सूची में फिलहाल पहले स्थान पर हैं। इंटर मियामी की स्थिति इंटर मियामी वर्तमान में ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में 12 जीत, 4 हार और 6 ड्रॉ के साथ 42 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। वे शीर्ष पर मौजूद फिलाडेल्फिया से 8 अंक पीछे हैं, लेकिन उनके पास तीन अतिरिक्त मैच बाकी हैं। लीग्स कप क्वालिफिकेशन के लिए स्स्स स्टैंडिंग में इंटर मियामी 5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने के लिए उन्हें बुधवार को UNAM पुमास के खिलाफ जीत की जरूरत है।



आर्चरी लीगः

# भारतीय तीरंदाजी संघ ने तीरंदाजी लीग के पहले सत्र की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा, हमें यकीन है कि तीरंदाजी लीग से हम युवा तीरंदाजों को और मौके देकर उनके सपने पूरे कर सकेंगे । हम सभी को मिलकर इस लीग के जरिये देश में खेल को नयी ऊंचाइयों तक ले जाना है। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने सोमवार को पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की जिसमें दुनिया भर के महिला और पुरूष रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लेंगे। लीग का पहला सत्र दिल्ली के यमुना खेल परिसर में अक्टूबर में आयोजित हो सकता है जो 11 दिन तक चलेगा । इसे विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और खेल मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा, हमें यकीन है कि तीरंदाजी लीग से हम युवा तीरंदाजों को और मौके देकर उनके सपने पूरे कर सकेंगे । हम सभी को मिलकर इस लीग के जरिये देश में खेल को नयी ऊंचाइयों तक ले जाना है।

विश्व तीरंदाजी के महासचिव टॉम डीलेन ने कहा ,'' इस पहल से भारतीय और विदेशी तीरंदाजों में प्रतिस्पर्धी भावना विकसित होगी और उनके प्रदर्शन में और निखार आयेगा । इससे वे भविष्य में बेहतर तीरंदाज बन सकेंगे ।




# इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट : 93 साल में पहली बार ! एक सीरीज में पांच भारतीयों के 400+ रन




| बल्लेबाज | पारी | रन | औसत | 100s / 50s |
|---|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | 10 | 754 | 75.4 | 4 / 0 |
| केएल राहुल | 10 | 532 | 53.2 | 2 / 2 |
| रवींद्र जडेजा | 10 | 516 | 86 | 1 / 5 |
| ऋषभ पंत | 7 | 479 | 68.43 | 2 / 3 |
| यशस्वी जायसवाल | 10 | 411 | 41.1 | 2 / 2 |

**लंदन, एजेंसी।** गिल एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा बाउंड्रीज (चौके-छक्के) लगाने वाले भारतीय भी बन गए। उन्होंने मौजूदा इंग्लैंड दौरे पर 97 बाउंड्रीज लगाईं। इनमें 85 चौके और 12 छक्के शामिल हैं। भारत ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पहली बार किसी टेस्ट सीरीज में पांच भारतीय बल्लेबाजों ने 400 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में कप्तान शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, केएल राहुल, ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल शामिल रहे। वहीं, गिल ने वेस्टइंडीज के महान सर गैरी सोबर्स का 59 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

## भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार

टीम इंडिया 1932 से टेस्ट क्रिकेट खेल रही है और 93 साल में पहली बार एक टेस्ट सीरीज में पांच भारतीय बल्लेबाजों ने 400+ रन बनाए हैं। इस लिस्ट में सबसे आगे रहे शुभमन गिल, जिन्होंने 10 पारियों में 754 रन ठोके। उनके बाद केएल राहुल ने 10 पारियों में 532 रन, रवींद्र जडेजा ने 516 रन, ऋषभ पंत ने सिर्फ सात पारियों में 479 रन और यशस्वी जायसवाल ने 10 पारियों में 411 रन बनाए। यह आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि भारतीय बल्लेबाजों की निरंतरता और सामूहिक प्रदर्शन ने टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। भारत ने अपने प्रदर्शन से न सिर्फ विरोधी टीम पर दबाव बनाया, बल्कि यह दिखाया है कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है।

# विवादों में फंसे कार्तिक

## पाकिस्तानी रेस्टोरेंट इवेंट में शामिल होने को लेकर मिली धमकी



अपनी फिल्मों और इवेंट्स को लेकर अक्सर सुर्खियों में बने रहने वाले एक्टर कार्तिक आर्यन विवाद इन दिनों विवादों में हैं. हालांकि, ये विवाद उनके एक पाकिस्तानी इवेंट में शामिल होने से जुड़ा है, लेकिन इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने से पहले ही फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज (FWICE) ने एक्टर को एक चेतावनी भरा लेटर लिखा है, उनका कहना है कि ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेना भारत सरकार के नियमों के खिलाफ है।

### क्या है Kartik Aaryan से जुड़ा ये विवाद?

दरअसल, कार्तिक के ह्यूस्टन में एक पाकिस्तानी रेस्टोरेंट द्वारा आयोजित एक इवेंट में शामिल होने की खबरें थी, जो 15 अगस्त को अमेरिका में होने वाला है और एक्टर इसमें बतौर गेस्ट शामिल होने वाले थे। ऐसे में FWICE ने पत्र लिखकर उनसे अपना नाम वापस लेने के लिए कहा है। FWICE द्वारा लिखे पत्र में कहा गया है कि, 'यह कार्यक्रम आगा रेस्टोरेंट एंड कैटरिंग द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो एक पाकिस्तानी मूल के मालिक शौकत मारेडिया के स्वामित्व में है। यही रेस्टोरेंट पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले जश्न-ए-आजादी कार्यक्रम को भी प्रमोट कर रहा है, जिसमें पाकिस्तानी सिंगर आतिफ असलम शामिल होंगे।'

### तुरंत नाम वापस लेने की कही बात

लेटर में आगे लिखा, 'आपका इस कार्यक्रम से जुड़ना, चाहे अनजाने में ही क्यो न हो राष्ट्रीय भावनाओं को आहत करता है और उद्योग में पहले से लागू निर्देशों के खिलाफ है।' FWICE ने यह भी कहा कि, 'हमारा मानना है कि आप ऑर्गेनाइजर्स के बैकग्राउंड के बारे में पूरी तरह से नहीं जानते होंगे। अगर ऐसा है, तो हम आपसे आग्रह करते हैं कि आप इस इवेंट से अपनी भागीदारी तुरंत वापस ले लें। हालांकि, अगर आप ऑर्गेनाइजर्स के बैकग्राउंड के बारे में जानते थे, तो यह और भी अधिक चिंता की बात है और हम क्लैरिफिकेशन की अपेक्षा करते हैं तथा ऐसे ऑर्गेनाइजेशन से तत्काल दूरी बनाए रखने की अपेक्षा करते हैं।'

# शाहरुख को पत्नी व बेटी ने दी अनोखे अंदाज में बधाई

## बेटी सुहाना ने लिखा दिल छू लेने वाला मैसेज



बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान को उनके 33 साल के शानदार करियर में पहली बार नेशनल फिल्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। फिल्म 'जवान' के लिए उन्हें बेस्ट एक्टर कैटेगरी में यह पुरस्कार मिला है, जो न सिर्फ उनके फैंस बल्कि उनके परिवार के लिए भी बेहद खास पल बन गया। बॉलीवुड से जुड़े तमाम सितारों ने उन्हें इस पल के लिए, बधाइयां दी, लेकिन जब 'किंग खान' की बेटी सुहाना खान और पत्नी गौरी खान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयरकर एकदम खास अंदाज में बधाई दी है, तो वहीं इन पोस्ट पर फैंन ने भी दिल खोलकर प्यार लुटाया है।

### गौरी खान ने भी जताया गर्व

शाहरुख की पत्नी गौरी खान ने भी इस खास मौके पर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया. उन्होंने लिखा, 'मेरे तीन सबसे पसंदीदा लोगों ने अभी-अभी बड़ी जीत हासिल की है... और हमारे दिलों ने भी. जब प्रतिभा और अच्छाई का मिलन होता है, तो जादू होता है. बहुत गर्व है !'

### 'जवान' बनी शाहरुख के करियर की माइलस्टोन फिल्म

एटली के निर्देशन में बनी 'जवान' शाहरुख खान के करियर की सुपरहिट फिल्मों में शुमार हो चुकी है. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया और अब इसे नेशनल अवॉर्ड भी दिलाया.



### बेटी सुहाना का इमोशनल मैसेज

शाहरुख की बेटी सुहाना खान ने इस मौके पर एक बेहद दिल छू लेने वाला पोस्ट शेयर किया. उन्होंने पापा शाहरुख के साथ एक प्यारी सी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'सोते समय सुनाई जाने वाली कहानियों से लेकर छाप छोड़ने वाली कहानियों तक इन्हें आपकी तरह कोई नहीं सुनाता। बधाई हो... मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं!'



# 'सबसे अच्छा एहसास' 'सन ऑफ सरदार 2'

## के लिए फैंस के प्यार से बेहद खुश हुईं मृणाल ठाकुर

मृणाल ठाकुर ने आज सोशल मीडिया स्टोरी पर एक खास पल शेयर किया। जिसमें वह प्रशंसकों के साथ फिल्म की आधी रात की स्क्रीनिंग देख रही हैं। इस पल को उन्होंने अब तक का सबसे अच्छा एहसास बताया।

### मृणाल का पोस्ट

मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' के कई वीडियोज और तस्वीरें शेयर कीं। इन सभी वीडियो में मृणाल के फैंस फिल्म को देखकर उत्साहित और खुश नजर आ रहे हैं। वहीं एक वीडियो में मृणाल भी फैंस के बीच फिल्म का आनंद लेती नजर आईं। स्टोरी में मृणाल ने लिखा, SOS 2 का मिडनाइट शो देखते हुए तालियां और सीटियां बजीं। अब तक का सबसे अच्छा एहसास।

सन ऑफ सरदार 2 को अजय देवगन और ज्योति देशपांडे ने मिलकर बनाया है, जबकि एनआर पचीसिया, प्रवीण तलरेजा और कुमार मंगत पाठक इसके निर्माता हैं। फिल्म पहले 25 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे 1 अगस्त को रिलीज किया गया। इस कॉमेडी फिल्म में अजय देवगन, मृणाल ठाकुर, रवि किशन, संजय मिश्रा, नीरू बाजवा, चंकी पांडे, कुब्रा सैत, दीपक डोबरियाल जैसे कई शानदार कलाकार हैं। यह फिल्म दिवंगत अभिनेता मुकुल देव की आखिरी फिल्म है। फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है।

# 'हैप्पी फ्रेंडशिप डे' पर शमा सिकंदर ने फैंस को दी शुभकामनाएं



टीवी सीरियल्स और कई फिल्मों में अभिनय कर चुकीं शमा सिकंदर ने आज सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों को हैप्पी फ्रेंडशिप डे की बधाई देते हुए एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में शमा पूल में पति जेम्स और दोस्तों संग मस्ती करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो पर उनके फैंस भी जमकर प्रतिक्रिया दे रहे है।

### शमा का पोस्ट

शमा सिकंदर ने आज इंस्टाग्राम पर पति और दोस्तो संग मस्ती भरा एक शानदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो को शमा ने खास आज हैप्पी फ्रेंडशिप डे पर शेयर कर फैंस और दोस्तों को इस खास दिन की बधाई दी है। इस शानदार वीडियो को शेयर कर शमा ने कैप्शन में लिखा, 'प्यार, दोस्ती, बंधन औ र मस्ती से भरा एक वीकेंड। मेरे जन्मदिन के मौसम की एक बेहतरीन शुरुआत, सभी के लिए यह सिंह राशि का मौसम है और happy friendship day।'

### फैंस के कमेंट्स

शमा की शानदार मस्ती भरी पोस्ट पर उनके फैंस ने भी जमकर प्रतिक्रिया दी है। एक फैन ने लिखा, 'हैप्पी फ्रेंडशिप डे शमा दीदी', एक और फैन ने लिखा, 'खूबसूरत जोड़ी', एक और फैन ने लिखा, 'शमा सिकंदर आपको मित्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं', एक और फैन ने लिखा, 'हैप्पी फ्रेंडशिप डे शमा', एक और फैन ने लिखा, 'आपका जन्मदिन कब है और क्या आप सिंह राशि के हैं? शमा सिकंदर।'

# सैयारा फेम अनीत पड्डा कितनी पढ़ी-लिखी?

## एक्टिंग से पहले इस कंपनी में थीं इंटर्न

मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा में वाणी का किरदार निभाने वालीं अनीत पड्डा की किस्मत रातोंरात चमक गई है। अब वह नई नेशनल क्रश बन गई हैं। उनकी खूबसूरती और अदाकारी ने फैंस का दिल जीत लिया है। लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। मगर क्या आपको मालूम हैक कि अनीत पड्डा कितनी पढ़ी-लिखी हैं।


अनीत पड्डा ने साल 2022 में काजोल स्टारर फिल्म सलाम वेंकी से अपना एक्टिंग करियर शुरू किया था। 22 साल की अनीत ने फिल्म में विशाल जेठवा की गर्लफ्रेंड की भूमिका निभाई थी। इसके बाद वह अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज बिग गर्ल्स डोन्ट क्राई में नजर आईं। अब आखिरकार उन्हें सैयारा से रातोंरात पॉपुलैरिटी मिली।

### अनीत पड्डा की लिंकडिन प्रोफाइल वायरल

यूं तो अनीत का एक्टिंग में कोई तोड़ नहीं,लेकिन शायद ही आपको मालूम हो कि उनके पास और भी कई हुनर है। यहां तक कि फिल्मी दुनिया में आने से पहले वह एक कंपनी में इंटर्न भी रह चुकी हैं। इस बात का खुलासा उनके वायरल लिंकडिन प्रोफाइल से हुआ है। सोशल मीडिया पर अनीत की लिंकडन प्रोफाइल वायरल हो रही है। इसमें उनके एजुकेशन से लेकर वर्क फ्रंट तक की जानकारी दी गई है।

### इस कंपनी में रहीं इंटर्न

अमृतसर में जन्मीं अनीत पड्डा ने अपनी शुरुआती पढ़ाई वहीं से की है। इसके बाद उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के जीसस एंड मेरी कॉलेज से पॉलिटिकल साइंस में बीए की डिग्री ली। उनके लिंकडिन प्रोफाइल के मुताबिक, वह एयरलाइन कंपनी विस्तारा में ह्यूमन रिसॉर्स यानी HR में इंटर्न भी रह चुकी हैं। बात करें हुनर की तो वह सिंगर और सॉन्ग राइटर भी रह चुकी हैं।



# कौन हैं एंकर अदिति जिनके सवालों में फंसे क्रिकेटर सुरेश रैना?

सुरेश रैना हाल ही में वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लेजेंड्स (WCL) में खेलते नजर आए। इस दौरान अदिति अदिति बुधाथोकी के साथ उनका एक इंटरव्यू जमकर वायरल हो रहा है। इस इंटरव्यू में अदिति ने रैना से कुछ सवाल किए, जिनमें से एक सवाल में रैना उलझ गए और गलत जवाब दे दिया। कौन हैं अदिति बुधाथोकी?

### नेपाल की अभिनेत्री हैं अदिति बुधाथोकी

अदिति बुधाथोकी नेपाल की चर्चित मॉडल और एंकर हैं। इसके अलावा वे पंजाबी और हिंदी म्यूजिक वीडियो में भी काम कर चुकी हैं। अदित का जन्म 28 जून 1995 को काठमांडू में हुआ। अदिति बेशक नेपाल से ताल्लुक रखती हैं, मगर वे मुंबई में रहती हैं। अदिति ने साल 2018 में नेपाली फिल्म 'कृ' से फिल्मी करियर शुरू किया। साल 2022 में अदिति ने नेपाली ड्रामा फिल्म 'बाबरी' में काम किया। फिलहाल एंकरिंग में हाथ आजमा रहीं अदिति ने पंजाबी म्यूजिक वीडियो में मिलिंद गाबा के साथ काम किया है। अदिति सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें करीब 29 लाख लोग फॉलो करते हैं।

### क्रिकेट पर बनी फिल्म का नाम बताया गलत

अदिति और सुरेश रैना का जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें अदिति को रैना से सवाल करते देखा जा सकता है। उन्होंने सुरेश रैना से पूछा क्रिकेट का किंग कौन है? इस पर उन्होंने विराट कोहली बताया। फिर स्पीड की बात की तो रैना ने ब्रेट ली का नाम लिया। सवालों की इसी कड़ी में अदिति ने सुरेश रैना से क्रिकेट पर बनी तीन फिल्मों के नाम पूछे। इस पर उन्होंने 'एमएस धोनी', 'चक दे इंडिया' और 'लगान' का नाम लिया। बता दें कि 'चक दे इंडिया' जवाब बिल्कुल गलत है, क्योंकि यह फिल्म हॉकी पर बनी है। मगर, अदिति ने भी सुरेश रैना को नहीं टोका।



# एक्टिंग में भी परफेक्ट हैं सुनील ग्रोवर

### ओटीटी पर आज ही देखें उनकी दमदार सीरीज और फिल्में

कॉमेडियन कपिल शर्मा के कॉमेडी शो में डॉक्टर गुलाटी और कई अन्य किरदारों को निभाकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने वाले सुनील ग्रोवर किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। कपिल संग आपसी विवाद के चलते उन्होंने टीवी वाला शो छोड़ दिया था। हालांकि, अब वह नेटफ्लिक्स पर आने वाले द ग्रेड इंडियन कपिल शो में वापसी कर चुके हैं। 3 अगस्त का दिन कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर के लिए स्पेशल है, क्योंकि आज वह अपना 48वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं।

अगर आपको लगता है कि वह केवल कॉमेडी में ही परफेक्ट है, तो आप थोड़ा गलत अंदाजा लगा चुके हैं। उन्होंने बतौर अभिनेता कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। आइए बताते हैं कि उनकी बेस्ट मूवीज और वेब सीरीज को आप किस-किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं।

**बागी फिल्म :** टाइगर श्रॉफ की फिल्म बागी में सुनील ग्रोवर ने अहम किरदार निभाया है। इस मूवी में उन्होंने बतौर एक्टर परेश प्रकाश खुराना का रोल निभाया है, जो अपनी बेटी श्रद्धा कपूर को उनके प्रेमी टाइगर से दूर रखने की कोशिश करता है। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**शाह रुख खान की जवान :** जवान फिल्म में भी सुनील ग्रोवर ने काम किया है। इस फिल्म के लिए हाल ही में शाह रुख खान को नेशनल अवॉर्ड मिला है। फिल्म में सुनील ग्रोवर ने भी महत्वपूर्ण किरदार निभाया है। दरअसल, उन्होंने नयनतारा के किरदार के असिस्टेंट के रूप में काम किया है।

**गुडबाय फिल्म :** सुनील ग्रोवर कॉमेडी फिल्म गुडबाय में भी काम कर चुके हैं। 7 अक्टूबर 2022 को फिल्म रिलीज हुई थी। इसमें उन्होंने पंडित जी का किरदार निभाया है। इसमें उनके किरदार को खूब पसंद किया गया।

**तांडव वेब सीरीज :** वेब सीरीज का जिक्र करें, तो सुनील ग्रोवर ने तांडव में काम किया है। प्राइम वीडियो पर यह सीरीज मौजूद है। इसमें उन्होंने सैफ अली खान के करीबी दोस्त गुरपाल की भूमिका निभाई है। अली अब्बास के निर्देशित इस शो को खूब पसंद किया गया।



# तमन्ना को आते थे मम्मियों के फोन

## बोलीं- 'बच्चे गाना देखकर खाना...'

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने बीते दिनों स्त्री 2 के गाने 'आज की रात' के जरिए खूब पॉपुलैरिटी हासिल की। इसके अलावा वो विजय वर्मा के साथ अपने रिश्ते को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। आज की रात गाने में तमन्ना भाटिया ने अपनी कर्वी बॉडी फ्लॉन्ट की और लोगों बॉडी पॉजिटिविटी का मैसेज दिया।

गाने को लेकर तमन्ना ने क्या खोला राज? अब हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि उनको ये गाना करने के बाद किस तरह की फीडबैक मिला। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपनी फिल्मों और गानों के चुनाव के बारे में बात करते हुए कहा कि उनका दर्शकों के जीवन पर प्रभाव पड़ना जरूरी है। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में तमन्ना ने कहा कि उनके प्रोजेक्ट्स सिर्फ रोजी-रोटी के लिए नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, ऐसा ही हो,₹ अगर किसी बच्चे को खाना खाते हुए उनका गाना सुनना पड़े तो सुने।

### एक्ट्रेस के पास आते थे फोन

इसके बाद होस्ट ने उनसे पूछा कि वह किस गाने की बात कर रह हैं, तो तमन्ना ने जवाब दिया कि वह स्त्री 2 में उनके डांस नंबर 'आज की रात' की बात कर रही हैं। उन्होंने कहा, ₹मैं आपको यह नहीं बता सकती कि मेरे को कितने बच्चों की मम्मियों के फोन आए कि मेरा बच्चा तभी खाना खाएगा जब वह 'आज की रात' सुनेगा।'बच्चे अपने डायपर में ऐसे-ऐसे हिलते रहते हैं। आगे इस बात को क्लियर करते हुए तमन्ना ने बताया कि मम्मियों का मेन मुद्दा होता है कि उनका बच्चा खान खा रहा है या नहीं और वैसे भी एक आध साल के बच्चे को लिरिक्स क्या ही समझ आएंगे।

### बहुत ही पॉपुलर हुआ था तमन्ना का गाना

बता दें कि स्त्री 2 का ये गाना तमन्ना पर फिल्माया गया है जोकि काफी हिट हुआ था। ये एक सेंशुअल डांस नंबर था जिसमें तमन्ना अपनी कर्वी बॉडी फ्लॉन्ट करती नजर आई थीं। ये गाना काफी ज्यादा पॉपुलर हुआ था और हर एक पार्टी या महफिल में आप इसे सुन सकते थे। स्त्री 2 अमर कौशिक द्वारा निर्देशित एक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। इसमें श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसने 900 करोड़ रुपये की कमाई की थी। स्त्री 2 साल 2024 की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक रही।



# जनदर्शन में गूंजा जनता का स्वर : अपर कलेक्टर ने सुनी 58 फरियादें, त्वरित समाधान के दिए निर्देश





## गांव-गांव से पहुँचे ग्रामीणों ने बताई समस्याएं, शिक्षक, पशुशेड, आवास, स्वास्थ्य केंद्र और राशन कार्ड जैसे मुद्दों पर रखी अपनी बात

**गरियाबंद ( गंगा प्रकाश )।** जिले के नागरिकों की समस्याएं सुनने और उनके समाधान की दिशा में तेज़ी लाने के उद्देश्य से आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर बी.एस. उइके के निर्देश पर आयोजित इस जनदर्शन में अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत एवं नवीन भगत ने 58 आवेदनों को गंभीरतापूर्वक सुना और मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

### शिक्षकों की कमी पर गंभीर हुए अधिकारी

जनदर्शन में ग्राम तंवरबाहरा के पालक और ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक शाला तंवरबाहरा में 93 छात्र हैं, लेकिन महज़ दो शिक्षक ही कार्यरत हैं। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस पर अपर कलेक्टर ने तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को नियमानुसार अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### पशु-पक्षियों के लिए भी उठी आवाज़

ग्राम फुलझर के फुलसिंह साहू ने अपने 10 पशुओं के लिए पशुशेड की माँग की, वहीं रामदाऊ साहू ने 40 बकरियों के लिए बकरीशेड की मांग रखी। अपर कलेक्टर ने इस पर पशु चिकित्सा सेवाओं के उप संचालक को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### सड़क, आवास और स्वास्थ्य केंद्र बने जनता की प्राथमिक माँग

ग्राम बिरनीबाहरा के आश्रित नागिनबाहरा के ग्रामीणों ने सीसी रोड निर्माण की मांग उठाई।

मानकी कमार, जातनी कमार, मानबाई कमार, चारोबाई, गायत्री बाई, सविता कमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम किस्त दिलवाने का आग्रह किया।

ग्राम जेंजरा के ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और पुस्तकालय खोले जाने की माँग की।

इन सभी मामलों में संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि जल्द से जल्द जाँच कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### दर्दनाक हादसे पर राहत की मांग

ग्राम खट्टी के सरजू राम साहू ने बताया कि बारिश के दौरान जर्जर मकान गिरने से उनकी पत्नी की मृत्यु हो गई। उन्होंने मुआवज़ा की माँग की, जिसे अपर कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

### महिला और बच्चों की योजनाओं में रुचि

श्रीमती होलिका कुटारे ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ दिलवाने की मांग रखी।

ग्राम चुरकीदादर के ग्रामीणों ने पुराने और जर्जर आंगनबाड़ी भवन को तोड़कर नया भवन निर्माण की मांग की।

### राशन कार्ड, नाम सुधार और सीमांकन जैसी ज़मीनी समस्याएं भी आई सामने

ग्राम कुम्ही के दिव्यांग योगेश कुमार टंडन ने अंत्योदय राशन कार्ड जारी करने की माँग रखी।

अन्य ग्रामीणों ने राजस्व अभिलेख में नाम सुधार, वन अधिकार पट्टा, सीमांकन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, सहायता राशि, महतारी वंदन योजना, आदि से संबंधित आवेदन सौंपे।

### जनता से सीधा संवाद, समाधान की दिशा में तेज़ी

जनदर्शन में अधिकारियों की उपस्थिति और तत्परता से ग्रामीणों को उम्मीद की किरण नज़र आई। अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत ने कहा – प्रत्येक आवेदन को पूरी गंभीरता से देखा जा रहा है। जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध ढंग से किया जाएगा।

इस जनदर्शन में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, और संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम में गरियाबंद ने रचा इतिहास, पुनः लहराया परचम!



### भूपेश नागेश राज्य में तीसरे और शैलेन्द्र शोरी विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग में प्रथम स्थान पर

**गरियाबंद ( गंगा प्रकाश )।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणामों ने गरियाबंद जिले के शिक्षा क्षेत्र में एक बार फिर से सुनहरे अध्याय जोड़े हैं। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जिले के होनहार विद्यार्थियों ने न केवल राज्यस्तरीय मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया, बल्कि यह सिद्ध किया कि ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में भी शिक्षा का दीप प्रखरता से जल रहा है।

### राज्य स्तरीय मेरिट में तीसरा स्थान:

देवभोग के सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र भूपेश कुमार नागेश ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 98.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। भूपेश की यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि उन्होंने सीमित संसाधनों और ग्रामीण परिवेश में रहकर कठोर परिश्रम से यह मुकाम हासिल किया।

### विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग में राज्य में अव्वल:

वहीं दूसरी ओर, हायर सेकेंडरी स्कूल, सड़क परसुली के छात्र शैलेन्द्र कुमार शोरी ने विशेष पिछड़ी जनजाति (PVTG) वर्ग के लिए जारी मेरिट लिस्ट में राज्य में पहला स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उनके इस असाधारण प्रदर्शन से यह स्पष्ट होता है कि प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती।

### सम्मान समारोह में गूंजा गरियाबंद का नाम:

आज गरियाबंद कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने दोनों मेधावी छात्रों को पुष्पगुच्छ, प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा— भूपेश नागेश और शैलेन्द्र शोरी की यह उपलब्धि जिले के लिए एक गौरव का क्षण है। ये दोनों छात्र न केवल जिले बल्कि पूरे राज्य के लिए प्रेरणा हैं। हमें गर्व है कि हमारे दूरस्थ अंचलों से भी अब राज्य स्तर पर मेधावी छात्र उभरकर सामने आ रहे हैं।

### शिक्षा विभाग का सक्रिय सहयोग:

सम्मान समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, डीएमसी शिवेश शुक्ला, श्याम चंद्राकर, मनोज केला, बीईओ गजेंद्र ध्रुव, देवनाथ बघेल, बीआरसी छन्नू सिन्हा, तथा दोनों स्कूलों के प्राचार्यगण उपस्थित रहे। सभी ने इन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### प्रेरणा बनेंगे ये मेधावी छात्र:

भूपेश और शैलेन्द्र की यह कामयाबी न केवल उनके परिवार और शिक्षकों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि जिले के हजारों छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। ये दोनों युवा यह साबित करते हैं कि अगर लगन हो, तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं।

### अब नजरें हैं भविष्य पर:

दोनों छात्रों ने अपने लक्ष्य को लेकर भी संकल्प जाहिर किए। भूपेश नागेश ने आईएएस बनने की इच्छा जताई, वहीं शैलेन्द्र शोरी विज्ञान के क्षेत्र में शोध करना चाहते हैं।

# खुसरूपाली बोल बम कांवरिया संघ द्वारा भव्य पंडवानी कार्यक्रम आयोजित

## कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल हुए जिला पंचायत सभापति रामदुलारी सिन्हा



**पिथौरा**/बोल बम कांवरिया संघ खुसरूपाली के तत्वावधान में पावन माह श्रावण सोमवार के अवसर पर सुर सुरभि पंडवानी मड़ेली छुरा की कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति रामदुलारी सिन्हा, अध्यक्षता सरपंच जमुना पटेल, विशेष अतिथि सीताराम सिन्हा, पूर्व उप सरपंच कोकोभाठा जाधो नायक, छिबर्रा उपसरपंच श्याम सेन, एवं शिक्षक लोकनाथ नायक, शिक्षक उदेचंद बरिहा, सेवानिवृत्त शिक्षक बी पी साहू जी शामिल हुए।श्रीमती रामदुलारी सिन्हा ने अपने उद्बोधन में पंडवानी आयोजन के लिए आयोजन समिति एवं ग्रामवासीयों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वचन दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करती हैं।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, कांवरिया भक्तगण तथा सांस्कृतिक प्रेमी उपस्थित रहे। पंडवानी कलाकारों ने महाभारत की कहानियों को सजीव रूप में प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



# समय-सीमा में कार्यों की पूर्णता और रजत जयंती महाअभियान की तैयारियों पर गरियाबंद कलेक्टर सख्त, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

## पीएम जनमन के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा करने और राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर जिले को चमकाने का लक्ष्य



**गरियाबंद ( गंगा प्रकाश )।** गरियाबंद जिले में विकास कार्यों की रफ्तार और शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर बी.एस. उइके अब पूरी तरह एक्शन मोड में हैं। मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय-सीमा की समीक्षा बैठक में उन्होंने जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश देते हुए स्पष्ट कर दिया कि अब लापरवाही या ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक की शुरुआत करते हुए कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन आवास, सड़कों, आंगनबाड़ी भवनों सहित तमाम कार्यों की स्थिति की गहन समीक्षा की और निर्देश दिए कि समय-सीमा में हर हाल में कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन के कार्यों की समीक्षा राज्य और केंद्र स्तर के अधिकारी कर रहे हैं, अतः इसमें किसी भी तरह की कोताही जिले की छवि को प्रभावित कर सकती है।

**15 अगस्त से शुरू होगा राज्य रजत जयंती वर्ष महाअभियान**- कलेक्टर उइके ने यह भी जानकारी दी कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य गठन की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष 2025-26 के तहत 15 अगस्त से 31 मार्च तक भव्य आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने सभी विभागों को इस महाअभियान की तैयारियां युद्ध स्तर पर प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कार्यक्रमों में राज्य की विकास गाथा, सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कृषि और आधारभूत संरचना जैसे विषयों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा। विभागों से कहा गया है कि वे अपने-अपने सेक्टर से जुड़ी प्रदर्शनियों, रैलियों, जन-जागरूकता कार्यक्रमों और नवाचारों की रूपरेखा जल्द प्रस्तुत करें।

**पेंशन, ग्रेच्युटी व सेवा-पुस्तिका पर विशेष ध्यान**- बैठक में कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को यह भी निर्देश दिया कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को उनकी पेंशन, ग्रेच्युटी, पारिवारिक पेंशन, मेडिकल सुविधा और अन्य भुगतान उनके सेवानिवृत्ति के दिन ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए पूर्व-कार्यवाही समय रहते पूरी की जाए। साथ ही सभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका अद्यतन कराई जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।

**अनुपयोगी सामग्रियों की होगी नीलामी, पुराने वाहनों की सूची सौंपने के निर्देश**- जिलाधिकारी ने सरकारी कार्यालयों में अनावश्यक रूप से रखी अनुपयोगी सामग्रियों की पहचान कर नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ करने को कहा है। वर्ष 2015 से पहले के सभी शासकीय वाहनों की सूची जिला परिवहन अधिकारी को सौंपकर ईएनडीएम प्रणाली के माध्यम से नीलामी करने का आदेश भी जारी किया गया है।

**खरीफ सीजन की खेती-किसानी पर नजर, कालाबाजारी पर सख्ती के संकेत**- बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में चल रहे खरीफ सीजन की स्थिति, वर्षा के आंकड़े, समितियों में खाद-बीज के भंडारण एवं वितरण की भी समीक्षा की। साथ ही उन्होंने निजी दुकानों में खाद, बीज और दवाइयों को अधिक कीमत पर बेचने की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश देते हुए सख्त चेतावनी दी।

**कलेक्टर की उपस्थिति में अधिकारियों की फौज रही मुस्तैद**- इस समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के नवपदस्थ सीईओ प्रखर चन्द्राकर, अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, नवीन भगत, पंकज डाहिरे, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित जिले के सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

गंगा प्रकाश
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता है
छत्तीसगढ़ में तेजी से बढता हुआ अखबार ...गंगा प्रकाश
को छत्तीसगढ़ के समस्त जिला एवं ब्लाक में विज्ञापन एवं समाचार संकलन हेतु विज्ञापन संकलनकर्ता एवं रिपोर्टरो की आवश्यकता है।
पत्रकारिता के क्षेत्रमें इच्छुक व्यक्ति जल्द संपर्क करें।
संपर्क सुत्र :- 8878098815 9770269285

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक प्रकाश कुमार यादव द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जय स्तंभ चौक रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व मकान नंबर-451, वार्ड नंबर-12, झुलेलाल पारा, छुरा (नगर पंचायत), जिला-गरियाबंद (छ.ग.)-493996 से प्रकाशित। *संपादक प्रकाश कुमार यादव मो. 9589154969, प्रबंध संपादक रज्जू बंजारे मो.- 9770269285 (* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र गरियाबंद होगा।